www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 28.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 102.705g
चांदी 113,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 श्रम बल में बढ़े महिलाओं की हिस्सेदारी, आधी आबादी से ही होगा विकसित भारत का निर्माण

विवाहिता की संदिग्ध मौत 04

वर्ष :09 | अंक :65 | मुंबई, मंगलवार, 26 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### असम में तीन मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, सात करोड़ रुपये मूल्य की मॉर्फिन जब्त

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य में अलग-अलग अभियान के दौरान मादक पदार्थ के तीन संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से सात करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मॉर्फिन और याबा टैबलेट सहित प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई है। शर्मा ने बताया कि श्रीभूमि जिले में दो और कार्बी आंगलोंग में शनिवार को एक अभियान चलाया गया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को एक पोस्ट में कहा, नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। श्रीभूमि पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए दो अलग-अलग अभियानों में कल रात तीन करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत की 20,000 याबा टैबलेट बरामद की गईं। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। याबा टैबलेट भारत में अवैध है, क्योंकि इसमें मेथामफेटामीन होता है, जो नियंत्रित पदार्थ अधिनियम के तहत अनुसूची-2 पदार्थ है।

### दिल्ली में बारिश में सड़क पर फिसले मैकेनिक की बिजली का करंट लगने से मौत

पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में बारिश के कारण फिसलने के बाद बिजली के खंभे से करंट की चपेट में आए एक मैकेनिक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब नौ बजकर 40 मिनट पर एक व्यक्ति ने पुलिस को केसर टी-प्वाइंट के पास बिजली का करंट लगने की सूचना फोन के माध्यम से दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, पूछताछ के दौरान पता लगा कि इलाके से गुजरते समय बारिश के कारण कीचड़ भरी सड़क पर पवन यादव (40) फिसल गए और उनका हाथ बिजली के खंभे से जा लगा, जिससे वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए। अधिकारी ने बताया कि यादव को बेहोशी की हालत में तुरंत एबीजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि उनके परिजन को सूचित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यादव दोपहिया वाहन मैकेनिक के रूप में काम करते थे और वह बसई दारापुर में अपने परिवार के साथ रहते थे। पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली के खंभे में करंट आने की वे लोग कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## आतंकियों को पीएम मोदी की चेतावनी, कहीं भी छिपे हों, बख्शा नहीं जाएगा

# दुनिया ने देखा है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसे लिया: प्रधानमंत्री मोदी

### पीएम मोदी बोले- हमारी सरकार ने गरीबों को सम्मानजनक जीवन दिया

**रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित**

मोदी ने कहा कि पूरे देश में गणेश उत्सव को लेकर अद्भुत उत्साह है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से आज गुजरात के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन हुआ है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे देश की जनता को कई विकास परियोजनाएं समर्पित करने का अवसर मिला है।



**पीएम बोले- जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता है**

पीएम मोदी ने कहा- 11 वर्षों में 3000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। रेलवे का विद्युतीकरण किया गया है। रामापीर पहाड़ियों में 1500 गरीबों को पक्के घर मिलेंगे। पूज्य बापू को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में साबरमती आश्रम का भी जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हमारे दो महापुरुष। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बन गई है, मैं उस समय साबरमती आश्रम का जीर्णोद्धार करना चाहता था। लेकिन केंद्र सरकार अनुकूल नहीं थी और बापू भी अनुकूल नहीं थे। पूज्य बापू को सच्ची श्रद्धांजलि साबरमती आश्रम का जीर्णोद्धार है। इस जीर्णोद्धार के बाद, साबरमती आश्रम दुनिया की सबसे शांतिपूर्ण प्रेरणा भूमि बन जाएगा। जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूजता है।

**मेरे लिए किसान-पशुपालक सर्वोपरि**

मैं अहमदाबाद की इस धरती से अपने लघु उद्यमियों, दुकानदारों और किसानों-पशुपालकों से कहूंगा। मैं हर किसी के लिए बार-बार वादा करता हूं कि मोदी के लिए आपका हित सर्वोपरि है। मेरी सरकार लघु उद्यमियों का, किसानों का, पशुपालकों का कभी भी अहित नहीं होने देगी। गुजरात मैन्युफैक्चरिंग हब बना: आज हर प्रकार की इंडस्ट्री का यहां विस्तार गुजरात की धरती पर हो रहा है। पूरा गुजरात ये देखकर गर्व करता है कि कैसे हमारा राज्य मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां फैक्ट्रियां लगा रही हैं। अब इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग का भी गुजरात बहुत बड़ा सेंटर बन रहा है।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे कहीं भी छिप सकते हैं, लेकिन उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भी प्रकाश डाला। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हम आतंकवादियों और उनके आकाओं को नहीं छोड़ेंगे। वे कहीं भी छिप सकते हैं। दुनिया ने देखा है कि हमने पहलगाम हमले का बदला कैसे लिया। नरेंद्र मोदी ने 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं, जिनमें 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 65 किलोमीटर महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, 860 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 37 किलोमीटर कलोल-कदी-कटोसन रोड रेल लाइन और 40 किलोमीटर बेचराजी-रानुज रेल लाइन का आमान परिवर्तन शामिल है।

मोदी ने कहा कि पूरे देश में गणेश उत्सव को लेकर अद्भुत उत्साह है। गणपति बप्पा के आशीर्वाद से आज गुजरात के विकास से जुड़ी कई परियोजनाओं का भी उद्घाटन हुआ है। यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे देश की जनता को कई विकास परियोजनाएं समर्पित करने का अवसर मिला है।

**गुजरात मैन्युफैक्चरिंग हब बना**

आज हर प्रकार की इंडस्ट्री का यहां विस्तार गुजरात की धरती पर हो रहा है। पूरा गुजरात ये देखकर गर्व करता है कि कैसे हमारा राज्य मैन्युफैक्चरिंग हब बन गया है। देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां यहां फैक्ट्रियां लगा रही हैं। अब इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग का भी गुजरात बहुत बड़ा सेंटर बन रहा है।

उन्होंने कहा कि इस मानसून के मौसम में, गुजरात के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। देश में जिस तरह एक के बाद एक बादल फटने की घटनाएँ हो रही हैं, उससे होने वाली तबाही देखकर खुद को संभालना मुश्किल हो जाता है। मैं सभी प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ। प्रकृति का यह प्रकोप पूरी मानव जाति, पूरे विश्व और पूरे देश के लिए एक चुनौती बन गया है। केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है।

# घर सिर्फ आरोपी का नहीं...

### बुलडोजर एक्शन पर गरजे सीजेआई गवई, बोले- कार्यपालिका जज नहीं बन सकती

> चीफ जस्टिस बीआर गवई ने बुलडोजर एक्शन पर एक बार फिर प्रहार किया. उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कार्यपालिका न्यायपालिका की जगह नहीं ले सकती





एजेंसी

नई दिल्ली. पणजी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर अपने ऐतिहासिक फैसले पर खुलकर बात की. उन्होंने साफ कहा कि किसी आरोपी को अदालत में दोषी साबित किए बिना उसके घर को गिराना नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है. सीजेआई गवई ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने पिछले साल बुलडोजर जस्टिस पर सख्त रुख अपनाया था और देशभर के लिए गाइडलाइंस जारी की थीं. उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल इमारतें बचाने का नहीं, बल्कि संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा का प्रतीक था.

**घर केवल आरोपी का नहीं होता**

उखक गवई ने कहा, हम खुश हैं कि संविधान के संरक्षक के तौर पर हम उन लोगों के अधिकारों की रक्षा कर सके, जिनके घर बिना प्रक्रिया का पालन किए गिरा दिए गए थे. सीजेआई ने जोर देकर कहा कि घर केवल आरोपी का नहीं होता, बल्कि उसमें उसके परिवार के लोग भी रहते हैं. ऐसे में बिना सुनवाई और बिना कोर्ट के आदेश पूरा परिवार सजा भुगतता है जबकि उनकी कोई गलती नहीं होती. उन्होंने कहा कि यहां तक कि अगर कोई दोषी भी ठहराया जाता है तो भी वह कानून के शासन का हकदार है.

**अगर कार्यपालिका को ही जज बनने दें**

गवई ने अपने संबोधन में संविधान की मूल आत्मा यानी सेपरेशन ऑफ पावर्स का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि अगर कार्यपालिका को ही जज बनने दिया जाए तो यह शक्ति विभाजन की मूल अवधारणा पर सीधा हमला होगा. हमने यह सुनिश्चित किया कि कार्यपालिका जज की भूमिका न निभा सके. कानून का राज सर्वोपरि है और यही लोकतंत्र की असली ताकत है.

# किसी सीएम को जेल से सरकार चलाने का हक नहीं

**झूठे मामले में फंसाया गया, जेल से सरकार चला, अरविंद केजरीवाल ने अमित शाह पर साधा निशाना**

शराब नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार होने के बाद सरकार चलाने वाले केजरीवाल ने भाजपा मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां निर्दोष लोगों को झूठे आरोपों में जेल भेजा जाता है, वहीं गंभीर अपराधों में शामिल लोगों को अगर भगवा पार्टी से संबंधित हैं तो मंत्री बना दिया जाता है। केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत जब केंद्र सरकार ने मुझे झूठे मामले में फंसाया और जेल भेज दिया, तो मैंने जेल से 160 दिनों तक सरकार चलाई।

### शाह का संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष पर हमला



> गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्ष के रवैये की जमकर आलोचना की. कहा कि ये राजनीतिक कपटता है.

एजेंसी

नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान (130वें संशोधन) विधेयक के खिलाफ विपक्षी दलों द्वारा किए जा रहे 'काले बिल' विरोध प्रदर्शनों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि वह और भाजपा दोनों इस विचार को पूरी तरह से खारिज करते हैं कि देश उस व्यक्ति के बिना नहीं चलाया जा सकता जो जेल में बंद है. उन्होंने पूछा कि क्या कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई भी नेता जेल से देश चला सकता है. शाह ने हाल ही में संपन्न संसद के मानसून सत्र में एक विधेयक पेश किया था. इसके अनुसार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को अगर पाँच साल से अधिक की जेल की सजा वाले अपराधों के लिए 30 दिनों से अधिक जेल में रखा जाता है तो उन्हें पद से हटाया जा सकता है. संसद में विपक्ष ने इस विधेयक का विरोध किया और इसे असंवैधानिक करार दिया. विपक्ष ने आरोप लगाया कि यह सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने, गैर-भाजपा मुख्यमंत्रियों को फंसाने, उन्हें जेल में डालने और राज्य सरकारों को अस्थिर करने का एक तरीका है.

## सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले शुभांशु शुक्ला, परिवार संग साझा किया गौरव का पल

### शुभांशु शुक्ला के नाम से छात्रवृत्ति योजना शुरू करेगी योगी सरकार

> योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह जानकर बहुत अच्छा लग रहा है कि आप अपनी सफल यात्रा के बाद अब लखनऊ वापस आ गए हैं। उत्तर प्रदेश इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों का लाभ उठाना चाहेगा।



एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की, जिन्होंने हाल ही में एक्सिओम 4 मिशन के चालक दल के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के ऐतिहासिक मिशन को पूरा किया। पर एक पोस्ट में, यूपी मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा कि आज, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के लखनऊ स्थित आधिकारिक आवास पर, राष्ट्र के सपूत, अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी ने ऐतिहासिक एक्सिओम 4 मिशन के सफल संचालन और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से उनकी सुरक्षित वापसी के बाद शिष्टाचार भेंट की।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह जानकर बहुत अच्छा लग रहा है कि आप अपनी सफल यात्रा के बाद अब लखनऊ वापस आ गए हैं। उत्तर प्रदेश इस यात्रा से प्राप्त अनुभवों का लाभ उठाना चाहेगा। शुभांशु शुक्ला ने कहा कि मैंने इस तरह के उत्साह की उम्मीद नहीं की थी। मैं सचमुच अभिभूत हूँ। घर वापस आकर अच्छा लग रहा है।

**इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने भी दी शुभांशु शुक्ला को बधाई**

वहीं इस कार्यक्रम में इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन कहते हैं, शुभांशु शुक्ला गए और वापस आए और उन्होंने एक उत्कृष्ट कार्य किया है. इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं गगनयान के सभी चार अंतरिक्ष यात्रियों को बधाई दूं. बेशक, केवल एक ही व्यक्ति को उड़ान भरने का अवसर मिला था और वह ऐसा करने के लिए भाग्यशाली था. इसलिए मैं सबसे पहले शुभाशुं शुक्ला को इस महान उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं.

### हिमाचल में कहर बनकर बरस रही बरसात, प्रदेश में 480 से अधिक सड़कें ठप, शिक्षण संस्थान बंद

हिमाचल प्रदेश में बारिश का तांडव जारी है. भारी बारिश को देखते हुए शिक्षण संस्थान बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं.

एजेंसी



शिमला/कांगड़ा: हिमाचल में बरसात के मौसम में तबाही का मंजर जारी है. पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश, बादल फटने और लैंडस्लाइड की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. आपदा का आलम यह है कि सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं, सड़कें बाधित होने से बागवान और किसान परेशान हैं. इस बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर से प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है.

# प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री नहीं होगी सार्वजनिक

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग का आदेश पलटा

2016 में केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने सीआईसी के आदेश को चुनौती दी थी, जिस पर जनवरी 2017 में सुनवाई की पहली तारीख को रोक लगा दी गई थी।





एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयुक्त के उस आदेश को रद्द करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्नातक की डिग्री का विवरण सार्वजनिक करने के लिए बाध्य नहीं है, जिसमें डिग्री जारी करने का निर्देश दिया गया था। 2016 में केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 1978 में बीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यह परीक्षा उत्तीर्ण की थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने सीआईसी के आदेश को चुनौती दी थी, जिस पर जनवरी 2017 में सुनवाई की पहली तारीख को रोक लगा दी गई थी। सुनवाई के दौरान, विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि आरटीआई आवेदन पर सीआईसी के आदेश को रद्द कर दिया जाना चाहिए क्योंकि निजता का अधिकार जानने के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने तर्क दिया कि वह छात्रों की जानकारी को एक प्रत्ययी क्षमता में रखता है।

### तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा 'शिक्षा ही समाज को बदलने का एकमात्र रास्ता'

एजेंसी

हैदराबाद: तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सोमवार को उस्मानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद में एक दमदार भाषण देकर स्टूडेंट्स को जोश से भर दिया. उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एकमात्र जरिया है, जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है. गौर करें तो तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से इस संस्थान में भाषण देने वाले रेवंथ पहले मुख्यमंत्री बने.

**भड़के** सैयदा हमीद पर भड़के असम के सीएम

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की इतनी ही परवाह है तो अपने घरों में जगह दो...

एजेंसी



> एक्स पर एक पोस्ट में, सरमा ने लिखा कि गांधी परिवार की करीबी विश्वासपात्र सैयदा हमीद जैसे लोग अवैध घुसपैठियों को वैध ठहराते हैं, क्योंकि वे असम को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने के जिन्ना के सपने को साकार करना चाहते हैं।

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को योजना आयोग की पूर्व सदस्य सैयदा हमीद की उस टिप्पणी पर निशाना साधा जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि बांग्लादेशी भारत में रह सकते हैं। उन्होंने उन पर राज्य में अवैध घुसपैठियों को वैध ठहराने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि असम में बांग्लादेशियों का स्वागत नहीं है और कहा कि जो लोग उनसे सहानुभूति रखते हैं, वे उन्हें अपने घर में जगह दे सकते हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, सरमा ने लिखा कि गांधी परिवार की करीबी विश्वासपात्र सैयदा हमीद जैसे लोग अवैध घुसपैठियों को वैध ठहराते हैं, क्योंकि वे असम को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने के जिन्ना के सपने को साकार करना चाहते हैं। आज, उनके जैसे लोगों के मौन समर्थन के कारण असमिया पहचान विलुप्त होने के कगार पर है। लेकिन हम लचित बरफुकन के बेटे और बेटियाँ हैं, हम अपने राज्य और अपनी पहचान को बचाने के लिए अपने खून की आखिरी बूंद तक लड़ेंगे। उन्होंने आगे लिखा कि मैं यह स्पष्ट कर दूँ कि असम में बांग्लादेशियों का स्वागत नहीं है, यह उनकी जमीन नहीं है। उनसे सहानुभूति रखने वाला कोई भी उन्हें अपने घर में जगह दे सकता है। असम अवैध घुसपैठियों के कब्जे में नहीं है, न अभी, न कभी। यह टिप्पणी असम सिविल सोसाइटी और अन्य सामाजिक समूहों द्वारा आयोजित एक जनसभा के एक दिन बाद आई है, जिसे हर्ष मंदर, प्रशांत भूषण और अन्य गणमान्य लोगों ने संबोधित किया था। उस बैठक में, कुछ पत्रकारों ने सैयदा हमीद की एक बाइट ली, जिसमें उन्होंने वे टिप्पणियाँ कीं जिनकी आलोचना हुई। सैयदा हमीद की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा कि घुसपैठियों को राज्य छोड़ना होगा और कांग्रेस रोती रह सकती है। असम के मंत्री पीयूष हजारिका द्वारा साझा किए गए वीडियो में, सैयदा हमीद कहती नजर आईं, बांग्लादेशी होने में क्या गलत है? बांग्लादेशी भी इंसान हैं, और दुनिया इतनी बड़ी है कि वे यहाँ (भारत) रह सकते हैं,

वे किसी को उनके अधिकारों से वंचित नहीं कर रहे हैं... यह कहना कि वे किसी को उनके अधिकारों से वंचित कर रहे हैं, परेशान करने वाला, बेहद शरारती और मानवता के लिए हानिकारक है।

# डबल इंजन की सरकार के बावजूद राजस्थान रिफाइनरी का काम धीमा: अशोक गहलोत



> केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बालोतरा जिले के पचपदरा में बन रही एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड (एचआरआरएल) का निरीक्षण किया।

एजेंसी


नयी दिल्ली। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पचपदरा में प्रस्तावित राजस्थान रिफाइनरी के कार्य की धीमी गति को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को सवाल किया कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद रिफाइनरी का काम धीमा क्यों है? गहलोत ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने 2025-26 की बजट घोषणा संख्या 158 में यह कहा था कि पचपदरा-बालोतरा स्थित रिफाइनरी अगस्त 2025 से उत्पादन शुरू कर देगी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा, कल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रिफाइनरी का दौरा किया, परंतु दोनों के बयानों और सरकारी प्रेस नोट में रिफाइनरी के उत्पादन शुरू होने की तारीख का कोई जिक्र नहीं था। यह आश्चर्यजनक चुप्पी जनमानस में संदेह उत्पन्न कर रही है। गहलोत के अनुसार, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान, कोरोना महामारी के बावजूद रिफाइनरी का काम तेजी से हुआ और 80 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि 2013 से 2018 और अब 2023 से भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण 37,000 करोड़ की इस परियोजना की लागत बढ़कर लगभग एक लाख करोड़ तक पहुंच गई है।

## सम्पादकीय

### सुधार की दिशा में उठे कदम, जीएसटी में सुधार से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिलेगा बढ़ावा

जीएसटी में सुधारों का आर्थिक प्रभाव मेक इन इंडिया को बढ़ावा देगा प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएगा उद्यमों को औपचारिक स्वरूप अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा अनुपालन में सुधार करेगा कारोबारी सुगमता बढ़ाने के साथ आत्मनिर्भर भारत के अभियान को आगे बढ़ाएगा। इससे जहां महंगाई की स्थिति सुधरेगी वहीं जीडीपी में 0.20 से 0.22 प्रतिशत का योगदान बढ़ेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन की चर्चा अभी तक जारी है। लाल किले की प्राचीर से दिया गया उनका संबोधन ऊजार्वान, प्रेरक और आश्वस्तकारी था। व्यापक विषयों के समावेश वाले इस भाषण में भविष्य की झलक भी दिख रही थी। इस संबोधन में उस नेता की भावनाएं मुखर हो रही थीं, जिसने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की आकांक्षाओं से ओतप्रोत किया है। राष्ट्रीय मनोबल को बढ़ाने वाले उनके संबोधन की गूंज पूंजी बाजार तक सुनाई दी। इससे सेंसेक्स में तेजी और रुपये की स्थिति में मजबूती का रुख दिखा। आर्थिक समृद्धि और किसी राष्ट्र की सुरक्षा का संबंध भू-राजनीतिक तथा ऊर्जा सुरक्षा के साथ गहराई से जुड़ा होता है। मोदी ने अपने सारगर्भित संबोधन में बताया कि ये तीनों सुरक्षा तत्व किस तरह उनके दृष्टिकोण में भारत के भविष्य का तानाबाना बुनेंगे। आर्थिक वृद्धि के संदर्भ में महान अर्थशास्त्री जान मेनार्ड कींस ने एनिमल स्पिरिट यानी उत्साही प्रवृत्ति की आवश्यकता रेखांकित की थी। इस उत्साही प्रवृत्ति को कारोबारी सुगमता और जीवन सुगमता से प्रोत्साहन मिलता है। इस दिशा में वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी में सुधारों की घोषणा महत्वपूर्ण और दूरगामी असर करने वाली रही। जुलाई 2017 में तमाम जटिल करों और अप्रत्यक्ष करों को एकीकृत करते हुए एक राष्ट्र-एक कर जैसी संकल्पना के साथ जीएसटी अस्तित्व में आया। इसे 1991 के बाद का सबसे बड़ा आर्थिक सुधार करार दिया गया। इसने कर राजस्व बढ़ाने के साथ अनुपालन को बेहतर बनाया। इसके चलते निवेश बढ़ा और एकीकृत बाजार के रूप में भारत का कायाकल्प हुआ। जीडीपी वृद्धि पर भी इसका सकारात्मक असर पड़ा। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारों के बावजूद इसने संघीय सहमति का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। हालांकि इसमें कायम कुछ विसंगतियां उद्यमों, राजस्व और विभिन्न हितधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव भी डाल रही थीं। इसमें टैक्स ढांचे की जटिलता, नियमों और दरों में अक्सर होने वाले परिवर्तन, इनपुट टैक्स क्रेडिट के साथ जुड़े मसले और कुछ मामलों में अनुपालन बोझ जैसे मुद्दे शामिल हैं। अच्छी बात है कि इन विसंगतियों का संज्ञान लेकर सुधार की दिशा में कदम बढ़ाने की पहल हुई है। जीएसटी सुधारों का प्रस्तावित उद्देश्य मौजूदा चुनौतियों का समाधान करना और इसे एक विश्वस्तरीय अप्रत्यक्ष कर संरचना में बदलना है।

## आज का विचार







**मेष राशि:** व्यापार के मामले में आप कोई विशेष व्यवस्था करने में लगे रह सकते हैं। कारोबार आगे बढ़ाने के लिए भी योजना बनाई जा सकती हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव आने की संभावना है। ऐसे में आपको कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना होगा।

**वृषभ राशि :** आपका दिन व्यापार और आर्थिक मामलों में अच्छा रहने वाला है। कोई उत्तम संपत्ति प्राप्त हो सकती है और आर्थिक मामलों में धन में वृद्धि होने की भी संभावना है। साथ ही, समाज में आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :** कामकाज के सिलसिले में आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऐसे में शारीरिक थकान भी महसूस होगी और आप किसी बात को लेकर ज्यादा चिंता में रह सकते हैं। ऐसे में कार्यक्षेत्र में कोई भी फैसला सोच-समझकर लेना आपके लिए बेहतर होगा।

**कर्क राशि:** आपको कोई उत्तम संपत्ति प्राप्त हो सकती है या आर्थिक मामलों में लाभ मिल सकते हैं। लेकिन इसके साथ-साथ कुछ खर्च भी बढ़ेंगे। ऐसे में आपके लिए बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में अगर लंबे समय से कोई काम रुका हुआ था, तो वह अब पूरा हो सकता है।

**सिंह राशि:** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और व्यापार में लाभ कमाने के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी सहयोगी की मदद से आपको लाभ मिल सकता है और व्यावसायिक स्थान परिवर्तन सकारात्मक सिद्ध होने की संभावना है।

**कन्या राशि :** दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कुछ लोग आपकी सलाह लेने आ सकते हैं या मार्गदर्शन की अपेक्षा कर सकते हैं। ऐसे में उनकी सलाह करना आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। यही लोग भविष्य में आपके सहयोगी भी बन सकते हैं।

**तुला राशि :** आपका दिन आनंदमय रहने वाला है और भाग्य का भी काफी हद तक सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में किसी मित्र की सलाह या सहयोग से आपके बिगड़े काम भी बनने शुरू हो सकते हैं। व्यापार के मामले में समय अनुकूल रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** कार्यक्षेत्र में कुछ बिगड़े हुए कार्यों को आपको सुधारने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसे में दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा। व्यापार के मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेकर आगे बढ़ना लाभदायक सिद्ध हो सकता है और इससे आपको सफलता प्राप्त होने की भी संभावना है।

**धनु राशि :** आर्थिक मामलों में दिन बेहतरीन रहने वाला है। इसी के चलते आपको अचानक कहीं से बड़ी मात्रा में धन प्राप्त हो सकता है। इसी के चलते आर्थिक स्थिति भी पहले से मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में चल रही समस्याओं को आप अपनी समझदारी और बुद्धिमानी से दूर कर देंगे।

**मकर राशि :** कार्यक्षेत्र में अपने जरूरी कामों को पूरा करने में आप ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। ऐसे में शारीरिक थकान भी महसूस हो सकती है। आपको अपने व्यापार की ओर ज्यादा ध्यान देना होगा और सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में अधूरे पड़े कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कुंभ राशि :** आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आर्थिक मामलों में लाभ के योग बनेंगे। धन में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा और कार्यक्षेत्र में रुके हुए कार्य अब पूरे हो सकते हैं। साथ ही, विरोधियों की योजनाएं भी फेल हो जाएंगी और आपको सफलता प्राप्त होगी।

**मीन राशि :** कार्यक्षेत्र में उन्नति प्राप्त हो सकती है और सांसारिक सुख के साधनों में भी वृद्धि होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है। अगर लंबे समय से आपके जरूरी काम बीच में अटके थे तो अब वे पूरे हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों की तरफ आपकी रुचि बढ़ सकती है और घर में किसी मांगलिक कार्य के आयोजन होने का भी योग है।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# श्रम बल में बढ़े महिलाओं की हिस्सेदारी, आधी आबादी से ही होगा विकसित भारत का निर्माण

> आर्थिकी में महिलाओं की कम भागीदारी विकास पर नकारात्मक असर डाल रही है। इसे बदलना होगा। कर्नाटक की शक्ति योजना जो महिलाओं को मुफ्त सार्वजनिक बस यात्रा प्रदान करती है एक बेहतरीन उदाहरण है। 2023 में इसके लांच के बाद से महिला यात्रियों की संख्या में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

पा भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है, लेकिन इस प्रगति पर अब एक खतरा मंडरा रहा है। वह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय निर्यात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत का भारी-भरकम टैरिफ। यह टैरिफ भारत से अमेरिका को होने वाले 40 अरब डालर के व्यापार को निशाना बनाता है। इससे देश की जीडीपी में लगभग एक प्रतिशत की कमी आ सकती है। यह टैरिफ कपड़ा और रत्न जैसे उन श्रम-प्रधान क्षेत्रों में लाखों भारतीय महिलाओं के रोजगार को अस्थिर कर सकता है, जहां उनकी भागीदारी सबसे अधिक है। लगभग 5.5 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले कपड़ा और रत्न जैसे क्षेत्र 50 प्रतिशत तक के निर्यात में गिरावट का सामना कर सकते हैं। इसके विपरीत चीन अपनी विनिर्माण क्षमता और अफ्रीका, यूरोप जैसे क्षेत्रों में निर्यात विविधीकरण के कारण अमेरिकी टैरिफ की चुनौती का सामना करने में सक्षम दिख रहा, जबकि भारत इस मामले में असुरक्षित है। इसकी दो मुख्य वजहें हैं-एक तो भारत का 18 प्रतिशत निर्यात अमेरिका



पर निर्भर है और दूसरा, वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारतीय उत्पाद 30-35 प्रतिशत तक महंगे हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। ऐसे संकट के समय में महात्मा गांधी के शब्द प्रासंगिक लगते हैं, ह्लकिसी राष्ट्र की ताकत उसकी महिलाओं में निहित होती है। ऐसे में आधी आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर हम भी इस चुनौती से पार पा सकते हैं। भारत में महिला श्रम बल की बेहद कम भागीदारी है, जो 37 प्रतिशत से 41.7 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। जबकि वैश्विक औसत और चीन की दर लगभग 60 प्रतिशत है। चीन, जापान और अमेरिका जैसे देश इस बात का प्रमाण हैं कि जब महिलाएं अर्थव्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाती हैं, तो समावेशी विकास संभव हो पाता है। जापान ने वुमेनामिक्स रणनीति अपनाकर महिला भागीदारी को 74 प्रतिशत तक पहुंचाया है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मजबूती भी महिलाओं की भागीदारी से मिली है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि इस लैंगिक अंतर को समाप्त करने से भारत 2025 तक अपनी जीडीपी में 27 प्रतिशत यानी 770 अरब डालर की वृद्धि कर सकता है। 2047 तक यह आंकड़ा 14 लाख करोड़ डालर तक पहुंच सकता है, पर इसके रास्ते में सांस्कृतिक रूढ़िवादिता, नीतिगत निष्क्रियता और रोजगार के लिए प्रणालीगत बाधाएं आड़े आ सकती हैं। आर्थिकी में महिलाओं की कम भागीदारी और अब टैरिफ का खतरा-देश की आर्थिक क्षमता को और कमजोर कर सकता है। भारत इस समय अपने जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है। यह एक ऐसा दौर है जब काम करने वाली आबादी आश्रितों की तुलना में बहुत अधिक है। यह अवसर सीमित समय के लिए है और 2045 तक समाप्त हो जाएगा। चीन, जापान और अमेरिका जैसे देश इसी अवसर का लाभ उठाकर विकसित हुए हैं। भारत को इस क्षणिक अवसर को स्थायी समृद्धि में बदलने के लिए तुरंत कदम उठाने होंगे। इसका एकमात्र रास्ता महिलाओं को पूरी तरह से कार्यबल में शामिल करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी में थोड़ी वृद्धि हुई है, लेकिन यह ज्यादातर अवैतनिक और पारिवारिक कार्यों तक सीमित है, जिसकी उत्पादकता कम है। दूसरी ओर, शहरी भारत में महिला श्रम बल भागीदारी स्थिर बनी हुई है। इसके अलावा असुरक्षित सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छता की कमी और अवैतनिक देखभाल कार्य का भारी बोझ महिलाओं को शिक्षा और रोजगार दोनों से दूर करता है। आर्थिकी में महिलाओं की कम भागीदारी विकास पर नकारात्मक असर डाल रही है। इसे बदलना होगा। कर्नाटक की शक्ति योजना, जो महिलाओं को मुफ्त सार्वजनिक बस यात्रा प्रदान करती है, एक बेहतरीन उदाहरण है। 2023 में इसके लांच के बाद से महिला यात्रियों की संख्या में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इस योजना ने महिलाओं की काम, शिक्षा और उद्यम के लिए गतिशीलता को बढ़ाया है, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में। इससे महिलाओं की नौकरी तक बेहतर पहुंच बनी है, पुरुष परिवार के सदस्यों पर निर्भरता कम हुई है और उनकी स्वायत्तता बढ़ी है। इसी तरह राजस्थान की इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना ने चार करोड़ से अधिक मानव-दिवस का काम सृजित किया है, जिसमें लगभग 65 प्रतिशत नौकरियां महिलाओं को मिली हैं।

# भारत,रूस,चीन बनाम अमेरिका और यूरोपियन देश

अमेरिका में 60वें राष्ट्रपति चुनाव के बाद चुनाव से अमेरिका में 47 वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा 50 वें उपराष्ट्रपति जे डी वेन्स चुने गए। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के पूर्व घोषणा की थी कि उनके राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वे रूस यूक्रेन युद्ध और इसराइल हमास युद्ध को तत्काल रुकवाएंगे और वैश्विक आर्थिक तथा सामरिक शांति का प्रादुर्भाव करेंगे। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां, राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है। वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन के समझौते या युद्ध में मदद की बात को लेकर अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया,चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं। चीन और रूस के सामरिक, व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर अमेरिका से टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करते थे, पर राष्ट्रपति चुने के जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं के उलट ना तो वे रूस यूक्रेन युद्ध रुकवा पाए हैं बल्कि ईरान पर बड़े हवाई जहाज हमले से एक नया विवाद खड़ा कर दिया था ले देकर ईरान इजरायल युद्ध रुकवा पाए हैं। दूसरी तरफ नए आयात टैरिफ लगाकर पूरे वैश्विक देश में बेचैनी तथा खलबली मचा दी है। वैश्विक आर्थिक सलाहकार और विशेषज्ञ किस डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही बता रहे हैं। और उनके आयत टैरिफ को बहुत ही अपरिपक्व निर्णय की संज्ञा दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देश तथा अन्य पश्चिमी देशों में आयात शुल्क पर काफी दरियादिली दिखाई है और यही वजह है कि नाटो तथा अन्य यूरोपीय देश अमेरिका का अभी भी समर्थन कर रहे हैं। अमेरिका के चुनाव के नतीजे से भारत के रिश्तों में काफी परिवर्तन हुआ है, डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व कार्यकाल में



भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डोनाल्ड ट्रंप के संबंध निजी तौर पर काफी प्रगाढ़ रहे थेजो। डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान में दी जाने वाली अमेरिकी सहायता के खिलाफ रहे पर अब पाकिस्तान पर उनकी मेहरबानियां काफी बढ़ गई है। उन्होंने पाकिस्तान सेनाध्यक्ष को व्हाइट हाउस में लंच में बुलाकर पाकिस्तान के प्याले में तूफान लाकर खड़ा कर दिया है। पाकिस्तान की निराश उम्मीद पर पंख लग गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतकर चीन पर भी नियंत्रण रखने का प्रयास किया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन रूस यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल लिए जाने पर खासा नाराज हुए थे। भारत पर काफी दबाव भी डाला गया पर भारत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि रूस भारत का परंपरागत मित्र होने की वजह से और 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध रूस ने भारत की एक तरफा मदद भी की थी। ऐसे में भारत स्पष्ट रूप से रूस के साथ सामरिक-आर्थिक मामलों में खड़ा हुआ है।

आज की ताजा परिस्थिति का आंकलन करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती उनके चुनाव के परम सहयोगी टेस्ला के मालिक से पूरी तरह टूट चुकी है, दूसरी तरफ भारत तथा चीन ब्राजील व अन्य राज्यों पर भारी आयात शुल्क लगाने पर डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी नीति खुलकर सामने आ गई है अमेरिका ने पाकिस्तान जैसे महत्वहीन और फकीर देश को अपना नया शागिर्द बना लिया है। ट्रंप और पुतिन की रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता पूर्ण रूप से विफल रही, पुतिन ने अपनी शर्तें डोनाल्ड ट्रंप को साफ तौर पर बता कर कह दिया कि यूक्रेन को नाटो की किसी भी परिस्थिति में सदस्यता ना दी जाए। उधर यूक्रेन ने भी अमेरिका से बातचीत के बाद उसका रूस के साथ युद्ध विराम वाले आदेश को मानने से साफ इनकार कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस द्वारा भारत को कम कीमत पर कच्चे तेल निर्यात किए जाने से कुपित होकर भारत पर 25 से लेकर 50% तक आयात शुल्क लागू किया है। भारत ने इस अमेरिकी रुख पर अडिग होकर भारतीय व्यापार तथा नागरिकों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। और अमेरिका का वैकल्पिक बाजार तलाशने के तारतम्य में रूस के साथ दोस्ती को और मजबूत कर चीन के साथ भी दोस्ताना हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर और एनआईए प्रमुख अजीत डोभाल की चीन की यात्रा उसके तुरंत बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत की यात्रा की है, जिससे भारत चीन व्यापारिक तथा कूटनीतिक संबंधों तेजी और थोड़ी प्रगाढ़ता आई है। भारतीय प्रधानमंत्री भारत और चीन के नए संबंधों के समीकरणों को मजबूत करने के लिए चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाने वाले हैं। भारत और चीन के आपसी संबंध मधुर होते ही रूस ने इसका स्वागत किया है। अब भारत रूस चीन तथा ब्राजील एक नए धरातल पर खड़े नजर आ रहे हैं। भारत रूस चीन की त्रिकोणीय जोड़ी विश्व में अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरती दिखाई दे रही है। यह अलग अलग बात है कि चीन भी अमेरिका से कम धोखेबाज नहीं है भारत का चीन के साथ पुराने अनुभव बहुत मधुर नहीं रहै हैं। किंतु बदली हुई परिस्थितियों में डोनाल्ड ट्रंप के इस आर्थिक तथा टैरिफ युद्ध के कारण भारत और चीन काफी नजदीक आ गए हैं। चीन के राष्ट्रपति श्री जिनपिंग ने भारत की मित्रता के लिए अपने रुख को स्पष्ट कर दिया है और अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का खुलकर विरोध भी किया है। इसके अलावा रूस ने डोनाल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में अपनी बातचीत के दौरान भारत का पक्ष लेकर डोनाल्ड ट्रंप को आडे हाथों में भी लिया था और यही वजह है कि भारत रूस और चीन अब एक प्लेटफार्म पर खड़े होकर डोनाल्ड ट्रंप तथा यूरोपीय देशों के लिए चुनौती बने के लिए अग्रसर है। इस नए घटनाक्रम के नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय देशों खासकर नाटो देश में काफी खलबली तथा बेचैनी नजर आ रही है। अब निश्चित तौर पर भविष्य ही तय करेगा की भारत की यह नई मित्रता डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध कितनी कारगर साबित होगी।

# लोकतांत्रिक शुचिता के जरूरी है जेल से सरकार पर संविधान का अंकुश

हरीश शिवनन्नी

इस बार सांसद का मानसून सत्र दो विशेष कारणों से याद रखने योग्य है। संसद अपने तयशुदा कार्यक्रम 120 घंटे की बजाए महज 37 घन्टे ही काम कर पाई। दूसरा, सत्र के अंतिम दिन पेश किए गए प्रस्तावित130 वें संविधान संशोधन की वजह से मचा बवाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। बिल कहता है कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या कोई मंत्री अगर लगातार 30 दिन तक जेल में बंद रहता है, और आरोप ऐसा है कि उसमें 5 साल या उससे ज्यादा की सजा हो सकती है, तो उसे पद से हटना पड़ेगा या उसका पद अपने आप समाप्त हो जाएगा। प्रस्तावित संशोधन विधेयक संविधान के अनुच्छेद 75, अनुच्छेद 164 और अनुच्छेद 239अअ में बदलाव करेगा। यह प्रस्ताव फिलहाल संसदीय समिति के विचाराधीन है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस,राष्ट्रीय जनता दल और अन्य दलों का इसका जबरदस्त विरोध करना शुरू कर दिया है। इन दलों का आरोप है कि सरकार यह संशोधन विरोधी दलों को राजनीतिक साजिश में फंसाने के उद्देश्य से लाई है। दूसरी तरफ सरकार का दावा है कि इस विधेयक से राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराध पर लगाम लगाई जा सकेगी। भारतीय संसदीय राजनीति में आपराधिक छवि वाले जनप्रतिनिधियों का बढ़ता आंकड़ा भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरों में से एक है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स और नेशनल इलेक्शन वॉच की साझा रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान 18वीं लोकसभा में 46 फीसदी के साथ ये संख्या 251 है। हालांकि संविधान का अनुच्छेद 102 और 191 दोषसिद्धि पर सांसदों-विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं लेकिन संविधान में ऐसा कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है जिससे किसी प्रधानमंत्री या मंत्री को गंभीर आरोपों में गिरफ्तारी के बाद हटाया जा सके। इस कमी के कारण भ्रष्टाचार और अनैतिकता को बल मिलता है। प्रस्तावित विधेयक ठीक यही करता है- यह गिरफ़्तारी और दोषसिद्धि के बीच के खालीपन को भरता है, संवैधानिक शिष्टता के सिद्धांत और लोकतांत्रिक शुचिता को कायम रखता है। दरअसल इस विधेयक को लाने के मूल में स्वयं विपक्ष ही जिम्मेदार है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पद पर रहते हुए विभिन्न आरोपों में गिरफ़्तार होकर जेल तो गए लेकिन पद पर बने रहे। बाद में यही हालात तब बने जब शराब घोटाले में गिरफ़्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल पहुंचे लेकिन इस्तीफा देने की बाजार जेल से ही सरकार चलाने लगे और जेल को राजनीतिक कार्यालय में बदल दिया। यह भारतीय लोकतांत्रिक राजनीति का पतन काल था। इनसे पहले बिहार के लालूप्रसाद यादव, तमिलनाडु की जयललिता और एम करुणानिधि, मध्यप्रदेश की उमा भारती और झारखंड के मधु कोड़ा और हेमंत सोरेन भी विभिन मामलों में गिरफ़्तार हुए लेकिन उन्होंने गिरफ़्तारी के साथ ही इस्तीफा दे दिया था। दरअसल किसी मामले में दोषी सिद्ध सांसदों, विधयकों और मंत्रियों को अयोग्य घोषित करने की शुरूआत परोक्ष रूप से राहुल गांधी ने ही की। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई 2013 के एक फैसले कहा था कि किसी सांसद या विधायक को दो वर्ष या अधिक सजा होने पर उसे तत्काल अयोग्य घोषित कर देना चाहिए। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए सरकार इस फैसले को ओवर राइड करने के उद्देश्य से 24 सितंबर 2013 को कैबिनेट द्वारा अनुमोदित एक अध्यादेश ले आई, इसका उद्देश्य दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों को तत्काल अयोग्य घोषित होने से बचाना था।

# 3 करोड़ रुपये कराने होंगे जमा, बॉम्बे हाईकोर्ट ने कन्नड़ अभिनेता ध्रुव सरजा को दिया आदेश

**सरजा के वकील ने पुलिस द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने के लिए अंतरिम आदेश का अनुरोध किया, तो न्यायमूर्ति ए.एस. गडकरी और न्यायमूर्ति राजेश एस. पाटिल की पीठ ने कहा कि पहले अपनी ईमानदारी दिखाएँ, फिर हम फैसला करेंगे। पीठ ने सरजा को 3.10 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया, जो विवाद का मुख्य कारण रहा है। इस महीने की शुरूआत में धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोपों में मामला दर्ज किया गया था।**



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को अभिनेता ध्रुव कुमार को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया, जिनके खिलाफ मुंबई के अंबोली पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज है। ध्रुव कर्नाटक के अभिनेता-निर्देशक अर्जुन सरजा के भतीजे हैं। जब सरजा के वकील ने पुलिस द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई न करने के लिए अंतरिम आदेश का अनुरोध किया, तो न्यायमूर्ति ए.एस. गडकरी और न्यायमूर्ति राजेश एस. पाटिल की पीठ ने कहा कि पहले अपनी ईमानदारी दिखाएँ, फिर हम फैसला करेंगे। पीठ ने सरजा को 3.10 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया, जो विवाद का मुख्य कारण रहा है। इस महीने की शुरूआत में धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के आरोपों में मामला दर्ज किया गया था। निमार्ता-निर्देशक राघवेंद्र हेगड़े द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अभिनेता ने एक फिल्म प्रोजेक्ट के सिलसिले में उनसे 3.10 करोड़ रुपये की ठगी की, जो कभी पूरा नहीं हुआ। 2018 से 18% ब्याज के साथ, हेगड़े ने दावा किया कि उनका कुल नुकसान अब बढ़कर 9 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। सरजा ने अधिवक्ता आशिमा मंडला, मंदाकिनी सिंह, मोहम्मद फैज और आर्यन कोटवाल के माध्यम से दायर याचिका में प्राथमिकी दर्ज करने को चुनौती दी।

# देवेंद्र फडणवीस और पूरी बीजेपी आधी-अधूरी पढ़ी-लिखी, उनके घुटनों में भी नहीं है दिमाग', राउत बोलते-बोलते बहुत कुछ कह गए

**शिवसेना ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का विरोध किया है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और संजय राउत के बीच तीखी बहस हुई। फडणवीस ने राउत पर जावेद मियांदाद को बुलाने का आरोप लगाया। जवाब में राउत ने बीजेपी को 'अर्धवट ज्ञानी' बताया और कहा कि बीजेपी पैसों के लिए पाकिस्तान के सामने झुकती है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबईः शिवसेना ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच का विरोध किया है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और संजय राउत के बीच तीखी बहस हुई। फडणवीस ने राउत पर जावेद मियांदाद को बुलाने का आरोप लगाया। जवाब में राउत ने बीजेपी को 'अर्धवट ज्ञानी' बताया और कहा कि बीजेपी पैसों के लिए पाकिस्तान के सामने झुकती है। उन्होंने फडणवीस को बालासाहेब ठाकरे से सीखने की सलाह दी। भारत-पाकिस्तान के बीच न हो क्रिकेटदरअसल भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ( चाहती है कि क्रिकेट मैच न हो। जब ठाकरे गुट की शिवसेना ने बीजेपी को घेरा, तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जावेद मियांदाद जैसे क्रिकेटर को खाना खिलाने वालों को इस बारे में नहीं बोलना चाहिए।

## बीजेपी वालों के दिमाग घुटनों में-राउत

फडणवीस के इस बयान पर संजय राउत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस को आधी जानकारी है। असल में पूरी बीजेपी ही आधी जानकारी वाली है। बीजेपी वालों के घुटनों में भी दिमाग नहीं है। राउत ने कहा कि जावेद मियांदाद मातोश्री पर क्या बोले, यह दिलीप वेंगसरकर से पूछना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने पैसे के लिए पाकिस्तान के सामने दुम हिलाई है।

## फडणवीस को ठाकरे फिल्म देखनी चाहिए

संजय राउत ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री फडणवीस को ठाकरे फिल्म देखनी चाहिए। उन्हें उस समय के इंटरव्यूज को समझना चाहिए। जावेद मियांदाद बालासाहेब से मिलने आए थे। वह उन्हें भारत-पाकिस्तान क्रिकेट का विरोध न करने के लिए कहने वाले थे। लेकिन बालासाहेब ने उन्हें चाय पीने के लिए कहा और वापस भेज दिया। बालासाहेब ने उनसे कहा था कि आतंकवाद और क्रिकेट साथ-साथ नहीं चल सकते। संजय राउत ने मुख्यमंत्री से कहा कि बालासाहेब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह पूंछ नहीं पहनते थे। अगर आप कुनकुनेपन को महत्व देते हैं, तो ऐसे बयान न दें।

फास्ट ट्रैक

# भुसावल मंडल रेल प्रबंधक द्वारा भुसावल यार्ड एवं वरनगांव स्टेशन का निरीक्षण

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

दिनांक 23 अगस्त 2025 को भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पुनीत अग्रवाल ने भुसावल यार्ड का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान बडनेरा दिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए अलग मार्ग के निर्माण से संबंधित जारी कार्यों की समीक्षा की गई। इस पहल से मंडल की ट्रेन संचालन क्षमता में वृद्धि होगी तथा ट्रेनों की आवाजाही और अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सकेगी। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने वरनगांव स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यात्री सुविधाएँ, स्टेशन स्वच्छता, सुरक्षा उपाय, परिसंचारी क्षेत्र तथा समग्र आधारभूत संरचना की समीक्षा की गई। उन्होंने यात्रियों एवं स्टेशन कर्मचारियों से संवाद कर कार्यकुशलता, यात्री सेवा तथा समग्र अनुभव का आकलन किया। इस निरीक्षण के दौरान मंडल के संबंधित शाखा अधिकारी एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# एसटी निगम कर्मचारियों का वेतन गणेश चतुर्थी से पहले मिलेगा : प्रताप सरनाईक

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबई, राज्य सरकार के अन्य कर्मचारियों की तरह, लगभग 83 हजार एसटी कर्मचारियों और अधिकारियों को अगस्त का वेतन गणपति उत्सव से पहले मिल जाएगा। परिवहन मंत्री एवं एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने यह जानकारी दी है। मंत्री सरनाईक ने कहा कि एसटी कर्मचारियों को वेतन महीने की 7 से 10 तारीख के बीच दिया जाता है। लेकिन इस साल, चूँकि गणपति उत्सव अगस्त के अंत में पड़ रहा है, इसलिए केवल वेतन के कारण उनके त्योहार का आनंद किरकिरा न हो। इसलिए उन्होंने राज्य सरकार से विभिन्न एसटी रियायतों की प्रतिपूर्ति राशि जल्द से जल्द प्रदान करने का अनुरोध किया। इस संबंध में 25 अगस्त को एक सरकारी निर्णय जारी किया गया, और जल्द ही सभी एसटी कर्मचारियों और अधिकारियों का अगस्त का वेतन उनके बैंक खातों में जमा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा मेरी शुभकामना है कि राज्य परिवहन निगम के कर्मचारी, जो अपने त्योहार मनाए बिना आम जनता के लिए दिन-रात काम करते हैं, इस वर्ष गणेशोत्सव बड़े उत्साह और आनंद के साथ मना सकें। राज्य परिवहन निगम के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों को गणपति उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएँ।

# भाजपा ने फडणवीस पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जरांगे की आलोचना की

**जरांगे ने आरोपों का खंडन करते हुए संवाददाताओं से कहा, मैंने (मुख्यमंत्री की मां के खिलाफ) कोई अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल नहीं किया। अगर कुछ भी (अपमानजनक) कहा गया है, तो मैं उसे वापस लेता हूं।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने सोमवार को आरोप लगाया कि मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मां के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। हालांकि, जरांगे ने इस आरोप से इनकार किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और और विधान पार्षद ( एमएलसी ) प्रवीण दरेकर ने कहा, सभ्य महाराष्ट्र जरांगे को कभी माफ नहीं करेगा। मुंबई उच्च न्यायालय ने ( सामाजिक आयोजनों के दौरान ) डीजे और उच्च ध्वनि के उपकरणों के इस्तेमाल पर रोक लगाया है और ( लागू करने की ) जिम्मेदारी पुलिस की है, लेकिन जरांगे ने ( इस मुद्दे पर ) मुख्यमंत्री की मां को निशाना बनाया।

# गणेश उत्सव के लिए मुंबई में यातायात प्रतिबंध लागू

**दस दिनों तक चलने वाला गणेश चतुर्थी उत्सव का समापन गणपति विसर्जन के साथ होता है। इसको देखते हुए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने भी खास इंतजाम किया है। शनिवार को जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, कई सड़कों पर हल्के वाहनों की तो दक्षिण मुंबई में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



कुर्लाः दस दिनों तक चलने वाला गणेश चतुर्थी उत्सव का समापन गणपति विसर्जन के साथ होता है। इसको देखते हुए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने भी खास इंतजाम किया है। शनिवार को जारी ट्रैफिक एडवाइजरी के अनुसार, कई सड़कों पर हल्के वाहनों की तो दक्षिण मुंबई में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है। हालांकि, आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए पुलिस ने कुछ अपवाद भी रखे हैं। सब्जियां, दूध, ब्रेड, बेकरी उत्पाद, पानी के टैंकर, पेट्रोल, डीजल, केरोसिन टैंकर, स्कूल बसें, एम्बुलेंस के अलावा सरकारी और अर्ध-सरकारी वाहनों को प्रवेश की अनुमति रहेगी। ट्रैफिक अरेंजमेंट के बारे में और अधिक जानकारी के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से ट्रैफिक वेबसाइट और एक्स हैंडल को फॉलो करने की अपील की है। सूत्र बताते हैं कि इस दौरान 1800 से अधिक ट्रैफिक पुलिस यातायात व्यवस्था का संचालन करेंगे, जिनमें जॉइंट सीपी, डीसीपी, एसीपी की भूमिका अहम रहेगी।

## मुंबई के पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों में ट्रैफिक अरेंजमेंट

चेंबूर ट्रैफिक डिविजन

- हेमू कलानी मार्ग पर उमरशी बप्पा जंक्शन से बसंत पार्क जंक्शन तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

-गोल्फ क्लब से चेंबूर नाका तक गिडवानी मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा।

चूनाभट्टी ट्रैफिक डिविजन

-वीएन पूर्व मार्ग और एसजी बर्वे मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

ट्रॉम्बे ट्रैफिक डिविजन

-घाटला गांव रोड सुभाष नगर से फेस्टिवल पॉइंट तक बंद रहेगा।

-आरसी मार्ग और डॉ.सीजी मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

मानखुर्द ट्रैफिक डिविजन

सायन-पनवेल राजमार्ग और घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और शाम 6 बजे से 11 बजे तक प्रतिबंध लागू रहेंगे।

# मुंबई में विधायक अमीत साटम संभालेंगे बीजेपी की कमान, देवेंद्र फडणवीस ने नए अध्यक्ष के तौर पर नाम का किया ऐलान

**महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के ऐलान से पहले बीजेपी ने मुंबई अध्यक्ष के पद पर अमीत साटम की नियुक्ति की है। अमीत साटम मुंबई की अंधेरी पश्चिम विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह पूर्व में एक बार बीएमसी के पार्षद भी रह चुके हैं। वह आशीष शेलार की जगह लेंगे।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



मुंबईः महाराष्ट्र बीजेपी ने विधायक अमीत साटम ( 49 ) को मुंबई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य ईकाई के अध्यक्ष रवींद्र च्वहाण और मौजूदा मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार की मौजूदगी में अमित साटम के नाम का ऐलान किया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखकर बावनकुले भी मौजूद रहे। अमित साटम मुंबई की अंधेरी वेस्ट सीट से पिछले चुनावे में लगातर तीसरी बार जीते थे।

## आशीष शेलार के उत्तराधिकारी बने

बीजेपी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए सीएम फडणवीस ने कहा कि पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी ने ( निवर्तमान ) नगर इकाई प्रमुख आशीष शेलार के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण जीत दर्ज की और मुंबई में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने कहा कि शेलार के कैबिनेट में मंत्री पद संभालने के बाद, मुंबई इकाई के लिए एक नए अध्यक्ष की नियुक्ति आवश्यक थी। सीएम ने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण और वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में राज्य स्तर पर हुई चर्चा के बाद अमीत साटम को इस पद के लिए चुना गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साटम लंबे समय से भाजपा से जुड़े हैं। उन्होंने वर्षों से कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं।

## साटम मुंबई के मुद्दों से परिचित

फडणवीस ने कहा कि मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भाजपा आगामी नगर निगम चुनावों में अपनी जीत की लय बरकरार रखेगी और मुझे विश्वास है कि हम बीएमसी में फिर से सत्ता हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि मुंबई और राज्य के वरिष्ठ नेताओं के समर्थन से उन्हें उम्मीद है कि भाजपा शहर के नगर निकाय चुनावों में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। मुंबई में बीएमसी चुनाव इस साल के आखिर में होने की उम्मीद है। अमित साटम की नियुक्ति ऐसे वक्त पर हुई है। जब मुंबई के बीएमसी चुनावों में शिवसेना ( यूबीटी ) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे के मिलकर लड़ने की प्रबल संभावना है। अमीत साटम चूंकि खुद विधायक हैं। ऐसे में उन्हें मुंबई के मुद्दों पर की समझ है।

# मध्य रेल द्वारा अब तक घोषित गणपति स्पेशल ट्रेन सेवाओं की कुल संख्या 310 है

## मुंबई-सावंतवाड़ी रोड के बीच 4 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें शामिल

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

भारतीय रेलवे ने 2025 तक अब तक 380 गणपति स्पेशल ट्रेनों के फेरों की घोषणा की है।

मध्य रेल महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में त्योहारों के दौरान यात्रा की भारी माँग को पूरा करते हुए सबसे अधिक 310 सेवाओं का संचालन कर रहा है।

स्पेशल ट्रेनों में नवीनतम वृद्धि है

मुंबई-सावंतवाड़ी रोड के बीच 4 स्पेशल सेवाएँ

विवरण इस प्रकार हैं:

एलटीटी-सावंतवाड़ी रोड-एलटीटी स्पेशल ( 4 सेवा )

01109 स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दिनांक 26.08.2025 ( मंगलवार ) और 27.08.2025 ( बुधवार ) को दोपहर 01.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 15.55 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुँचेगी। ( 2 सेवा )

01110 स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.08.2025 ( मंगलवार ) और 27.08.2025 ( बुधवार ) को सावंतवाड़ी रोड से 17.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 05.10 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। ( 2 सेवा )

ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग और कुडाल।

संरचनाः एक प्रथम श्रेणी वातानुकूलित, एक वातानुकूलित-द्वितीय श्रेणी, 5 वातानुकूलित-तृतीय श्रेणी, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेकयान, 1 जनरेटर यान और 1 पेंट्री कार।

आरक्षणः स्पेशल ट्रेन संख्या 01109 और 01110 की बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर उपलब्ध है।

इस विशेष ट्रेन के ठहरावों और समय की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या NTES ऐप डाउनलोड करें।

अनारक्षित डिब्बों की बुकिंग वळर प्रणाली के माध्यम से की जा सकती है। अनारक्षित डिब्बों के लिए बुकिंग सुपरफास्ट मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की तरह ही सामान्य शुल्क पर की जा सकती है।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन विशेष ट्रेन सेवाओं का लाभ उठाएँ।

# महायुति सरकार कृषि ऋण माफी के वादे से पीछे नहीं हटीः अजित पवार

**राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सरकार ने कहा कि ऋण माफी दी जानी चाहिए या नहीं और इसे कैसे लागू किया जाना चाहिए, इस पर अध्ययन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा है कि महायुति सरकार किसानों की कर्ज माफी के अपने वादे से पीछे नहीं हटी है और आश्वस्त किया कि उचित समय पर इस संबंध में कदम उठाए जाएंगे। विपक्षी दल कांग्रेस सत्तारूढ़ गठबंधन पर कृषि ऋण माफी में देरी करने और राज्य के किसानों की दुर्दशा के प्रति चिंता नहीं जताने का आरोप लगाते हुए निशाना साध रही है। पवार ने रविवार को पत्रकारों से कहा, हम कृषि ऋण माफी के अपने वादे से पीछे नहीं हटे हैं। हम महायुति घोषणापत्र में दिए गए आश्वासनों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। एक समिति का गठन किया गया है, क्योंकि ऐसे फैसलों में वित्तीय पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ दृढ़ता से खड़ी है। उन्होंने कहा, हमने कभी नहीं कहा कि हम ऋण माफी नहीं करेंगे। सही समय पर, समिति विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करेगी। पवार ने किसानों के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर प्रति किसान सालाना 12,500 रुपये प्रदान करते हैं और बिजली निगमों को उनके बिजली बिलों के भुगतान के लिए 20,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा, हम मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को 1,500 रुपये प्रदान करते हैं। हम किसानों को ब्याज मुक्त ऋण भी देते हैं ताकि उन्हें निजी साहूकारों के पास नहीं जाना पड़े। इस महीने की शुरूआत में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा था कि पूरी तरह से ऋण माफी के बजाय, सरकार उन गरीब किसानों को राहत देने की दिशा में काम कर रही है जिनके खेतों में कोई उपज नहीं होती और जिन्होंने ऋण लिया है तथा जिनके आत्महत्या करने का अंदेशा है। राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सरकार ने कहा कि ऋण माफी दी जानी चाहिए या नहीं और इसे कैसे लागू किया जाना चाहिए, इस पर अध्ययन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है।

## मुंबई से अहमदाबाद 4 घंटे में

मुंबई : मुंबई-अहमदाबाद के बीच 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यात्रा करने के लिए यात्रियों को करीब 2 साल का और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह रफ़्तार तब ही संभव है, जब पूरी लाइन पर कवच का काम पूरा हो जाएगा। वर्त्तमान में विरार-नागदा और वड़ोदरा-अहमदाबाद के बीच एडवांस स्टेज पर कवच का काम किया जा रहा है

**पश्चिम रेलवे**

**व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (सीओ), 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. एसजी 623/1783/डब्ल्यूए-आर, दिनांक 22.08.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : 04 वर्षों हेतु मुंबई मंडल का चर्चगेट – विरार अनुभाग के विभिन्न स्टेशनों पर अधिष्ठापित टेलीटेक मेक के सबर्बन ट्रेन इंडीकेटर्स का व्यापक वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध (सीएएमसी). कार्य की अनुमानित लागत : रु. 40,08,942.41/–, **बोली सुरक्षा** : रु. 80,200.00/–, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 15.09.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 15.09.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें.

0531

Like us on : facebook.com/WesternRly

# रोजलिन खान के आधार से यूपी के शख्स ने खरीद लिया लोन पर मोबाइल, अब रिकवरी एंजेट्स एक्ट्रेस को कर रहे परेशान

**अभिनेत्री और मॉडल रोजलिन खान धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं। उन्होंने मुंबई पुलिस में इसकी शिकायत दी है। रोजलिन खान को रेहाना खान के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट करके बताया कि कैसे वह हाल ही में आधार कार्ड धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं।**

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**




मुंबई : एक्ट्रेस और मॉडल रोजलिन खान के साथ आधार कार्ड फ्रॉड हुआ है। रेहाना खान के नाम से फेमस एक्ट्रेस ने इस फ्रॉड को लेकर मुंबई पुलिस में शिकायत कराने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि किसी ने उनके आधार कार्ड की जानकारी लेकर उनके नाम से लोन पर मोबाइल फोन लिया है। अब लोन रिकवरी एजेंट्स उन्हें कॉल और मेसेज करके परेशान कर रहे हैं। उनका कहना है कि फोन उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में किसी शख्स ने लिया है। उस शख्स को उनका पति बताया जा रहा है। रोजलिना ने कहा कि उनकी शादी हुई नहीं, यह पति कहां से आ गया? रोजलिन कान हाल ही में स्टेज फोर मेटास्टैटिक कैंसर से ठीक हुई हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनकी बहन को रिकवरी एजेंट लगातार फोन कर रहे हैं। वे वॉट्सऐप पर उन लोगों को मेसेज भी भेजते हैं। एजेंटस का कहना है कि उनके आधार कार्ड और का इस्तेमाल करके फोन खरीदा गया है।

## रोजलिन ने उठाए सवाल

रोजलिन खान ने इस बात से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि मैं मुंबई में रहती हूं, तो मैं उत्तर प्रदेश में मोबाइल फोन खरीदने क्यों जाऊंगी? उन्होंने लोन रिकवरी एजेंट्स को कहा कि उन्होंने कोई लोन पर कोई मोबाइल नहीं खरीदा है लेकिन वे उन्हें परेशान कर रहे हैं। लोन रिकवरी एजेंट्स ने बताया कि उनके आधार से 60 हजार रुपये का मोबाइल खरीदा गया है। इस मोबाइल फोन की उन्हें 30 ईएमआई भरनी हैं।

## शेयर किए स्क्रीनशॉट

एक्ट्रेस ने इस बात पर गुस्सा जताया कि उन्हें काम के लिए यात्रा करते समय भी परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर वॉट्सऐप बातचीत के स्क्रीनशॉट शेयर किए।

# नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करनेवाला आरोपी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

अपराध जांच शाखा क्रमांक 4 ने नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के बाद 5 महीने से फरार चल रहे आरोपी शमशुल्लाह मुश्ताक अली शेख उम्र-19 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। घटना 5 माह पहले की है जब नाबालिग पीड़ित लड़की दिनांक 10.03.2025 को जब अलकापुरी नालासोपारा( पूर्व ) स्थित अपने घर से बाहर गई थी तब आरोपी शमशुल्लाह मुश्ताक अली शेख ने उसकी अज्ञानता का फायदा उठाकर उसका अपहरण कर लिया और उसका यौन उत्पीड़न किया। दिनांक 27.03.2025 को भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 137( 2 ), 34 और पॉक्सो अधिनियम की धारा 4, 8, 12 के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी पिछले 05 महीनों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। मामले में उपलब्ध साक्ष्यों के तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय जानकारी के आधार पर आरोपी शमशुल्लाह मुश्ताक अली शेख, उम्र-19 वर्ष, निवासी मिश्रा चाल दहिसर मोरी नाका, मुंब्रा, तालुका, जिला ठाणे को अपराध जांच शाखा, इकाई क्रमांक 4 की टीम ने कुशल जांच के बाद मानखुर्द, मुंबई से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक जांच के दौरान, यह पता चला है कि वह उक्त मामले में सक्रिय रूप से शामिल था। आरोपी को भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 137 ( 2 ), 34 और पोक्सो धारा 4,8,12 के तहत आगे की कार्रवाई के लिए आचोले पुलिस स्टेशन में पेश किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। यह सारा ऑपरेशन पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे, पुलिस उपायुक्त (अपराध) संदीप डोईफोडे, छठे पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाल के सहयोग से यूनिट नंबर 4 के प्रमोद बदख, प्रशांत गांगुर्डे, दत्तात्रेय सारक, पुष्पराज सुर्वे, श्रीमंत जेधे, मनोहर टावरे, संतोष मदाने, आसिफ मुल्ला, हनुमंत सूर्यवशी, प्रवीण पवार, रवीन्द्र भालेराव, रवीन्द्र कांबले, समीर यादव, संदीप शेरमाले, गोविंद कंडेरे, अंगद मुले, नितिन राठौड़, सचिन चौधरी ने किया। अपराध की आगे की जांच अचोले पुलिस स्टेशन के माध्यम से की जा रही है।

**पश्चिम रेलवे की ओर से मुंबई सेंट्रल ⇄ भावनगर के बीच त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन के दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09087 | मुंबई सेंट्रल – भावनगर | 27.08.2025 | 12.00 बजे (बुधवार) | 05.45 बजे (अगले दिन) |
| 09088 | भावनगर – मुंबई सेंट्रल | 28.08.2025 | 17.45 बजे (गुरुवार) | 07.30 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव** : बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, वीरमगाम, बोताड, ढोला, सोनगढ और सिहोर (गुजरात) स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन** : एसी 2–टीयर, एसी 3–टीयर, शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस.

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 09087 तथा 09088** के लिये बुकिंग जारी है. उपरोक्त गाड़ी को विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जाएगा.

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

# अंबरनाथ पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले उड़ान पुल के गड्ढे दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम को निमंत्रण दे रहे हैं



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. गणेशोत्सव की तैयारियों की पृष्ठभूमि में अंबरनाथ के पूर्व और पश्चिम भागों को जोड़ने वाले इस उड़ान पुल के गड्ढों ने हुतात्मा चौक से लेकर मटका चौक तक आए दिन ट्रैफिक की समस्या को विकराल रूप दे रहा है।उड़ान पुल पर इन गड्ढों की वजह से गाड़िया रेंगती हुई अवस्था में सरकती हैं,जो आए दिन ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही हैं।अंबरनाथ नगरपालिका के विकास के दावों और प्रतिदावों को ये गड्ढे मखौल उड़ाते हुए दिख रहे हैं।27 अगस्त को गणपति बप्पा के आगमन तक ये गड्ढे नगरपालिका प्रशासन भरवा पाता है या नहीं ये एक महत्वपूर्ण प्रश्न उभर कर आ रहा है।इन गड्ढों की समस्या से आए दिन दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती हैं।

# कल्याण डोंबिवली में मनसे के दो पूर्व नगर सेवक शिवसेना में शामिल

## ठाणे मनपा के पूर्व नगर सेवक बाबाजी पाटिल शिवसेना में

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





ठाणे , शिवसेना संसदीय दल के नेता और कल्याण लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में आस्था दिखाते हुए, कल्याण डोंबिवली मनपा के पूर्व मनसे नगर सेवक राजन मराठे और पूर्व नगर सेविका ज्योति मराठे आज शिवसेना प्रमुख नेता और राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। साथ ही, ठाणे मनपा के राकांपा शरद पवार गुट के पूर्व नगर सेवक बाबाजी पाटिल ने भी शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना का धनुष-बाण थाम लिया है। ठाणे में आयोजित पार्टी प्रवेश समारोह में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, विधायक राजेश मोरे, शिवसेना सचिव राम रेपाले उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कल्याण लोकसभा क्षेत्र में अनेक जनोन्मुखी कार्य किए हैं। पिछले कई वर्षों में कल्याण, डोंबिवली मनपा और ठाणे मनपा दोनों में विकास कार्य हुए हैं। पिछले ढाई वर्षों के दौरान, जब वे मुख्यमंत्री थे, एमएमआर में विकास को बढ़ावा दिया गया। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से प्रभावित होकर जनप्रतिनिधि शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। महायुति का विकास एजेंडा है। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति की जीत होगी। आज पूर्व मनसे नगर सेवक राजन मराठे, पूर्व नगर सेविका ज्योति मराठे, पूर्व उपमहापौर किशोर कोशिंबकर, सुरेश मराठे, रवींद्र बोबड़े, संजय तावड़े, केतन खानविलकर, सुधीर थोरात और सैकड़ों पदाधिकारी शिवसेना में शामिल हुए। ठाणे मनपा में एनसीपी शरद पवार गुट के पूर्व नगर सेवक बाबाजी पाटिल और आकाश पाटिल आज उपमुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए।

फास्ट ट्रैक

# लखीमपुर के युवक की शाहजहांपुर में मौत

## बुआ को लेकर समझौता कराने गया था, फूफा के भाई ने चाकू से हमला किया

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान लखीमपुर के युवक रजनीश की मौत हो गई। मामला लखीमपुर के थाना पसगवां क्षेत्र का है। रजनीश अपनी बुआ की परेशानी को लेकर 21 अगस्त को हरदोई गया था। रजनीश के चाचा सत्यपाल ने बताया कि उनकी बहन की शादी हरदोई जिले के सिमरापुरवा थाना क्षेत्र निवासी वेदपाल से हुई थी। वेदपाल शादी के बाद से पत्नी को प्रताड़ित कर रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर रजनीश परिवार के साथ बुआ के ससुराल पहुंचा था। वहां बातचीत के दौरान वेदपाल के भाई ने रजनीश पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी हमला करने के बाद मौके से फरार हो गया। घायल रजनीश को पहले सीएचसी ले जाया गया। वहां से शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इलाज के दौरान रजनीश की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# कलम उधार न देने पर दो पक्षों में विवाद

## कलान में महिला समेत तीन लोग घायल, दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

शाहजहांपुर, थाना कलान क्षेत्र के गांव भर्रामई में कलम उधार न देने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हुए हैं। पहले पक्ष की नन्ही बिटिया ने बताया कि रविवार को उसका 12 वर्षीय पुत्र हृदयेश दुकान पर था। गांव के रामकृष्ण ने कलम उधार मांगी। मना करने पर वह शराब पीकर गालियां देने लगा। शाम को रामकृष्ण, रामकरन, मुंशी और रहीस लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। उन्होंने नन्ही बिटिया, उसकी सास और 13 वर्षीय पुत्री पूनम को पीटा। बाद में उन्होंने नन्ही के पति धनपाल को भी रास्ते में घेरकर मारा और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के रामकृष्ण का कहना है कि शाम करीब 8 बजे रामबाबू, बृजेश और अन्य लोग उसके घर में घुसे। गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में रामकृष्ण और रामकरन घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



# अब्दुल जलील अंसारी और रियाज अहमद मोमिन के अभिनंदन समारोह में हुआ मुशायरे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे ,साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था बज्मे अंसार अदब भिवंडी की ओर से सलाहुद्दीन अय्यूबी हाई स्कूल में प्रसिद्ध पत्रकार,साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल जलील अंसारी और सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक रियाज अहमद मोमिन के सम्मान में अभिनंदन समारोह और मुशायरे का आयोजन किया गया। शब्बीर अहमद शाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मुम्बई के मुशीर अहमद अंसारी उपस्थित थे। अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, अब्दुल अजीज अंसारी, एम.मुबीन आदि शामिल रहे।शकील अहमद शकील ने समारोह का उद्घाटन किया।आमिर असगर कुरैशी ने दोनों सम्मानित अतिथियों के जीवन और सेवाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अब्दुल जलील अंसारी की साहित्यिक,सामाजिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान एवं सेवाओं से सभी लोग परिचित हैं। उनके विभिन्न गुणों एवं कार्यो विस्तृत उल्लेख किया और कहा कि उनकी सेवाओं की जितनी सराहना की जाय कम है।आमिर कुरैशी ने रियाज अहमद मोमिन को उनकी शैक्षिक सेवाओं के सफल समापन पर बधाई दी और उनके शैक्षिक गुणों का बखान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी ने सम्मानित अतिथियों के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे मधुर संबंधों को अपने अनोखे अंदाज में व्यक्त किया। दोनों महानुभाओं की विशिष्ट सेवाओं को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बज्में अंसार अदब द्वारा दोनों अतिथियों की खिदमत में शाल,गुलदस्ता,उपहार और प्रशंसा पत्र भेंट किया गया। अब्दुल जलील अंसारी ने अपने संबोधन में आयोजक मंडल को धन्यवाद दिया तथा अपनी कविताएँ भी प्रस्तुत कीं। रियाज अहमद मोमिन ने भी सम्मान के लिए समारोह के आयोजक संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके बाद मुशायरे की शुरूआत हुई। समारोह के अध्यक्ष शब्बीर अहमद शाद,विशिष्ट अतिथि मुशीर अहमद अंसारी के अलावा, शकील अहमद शकील, ऐनुद्दीन आजिम,रईस अख्तर रईस, बिलाल रौनक,तजम्मुल हुसैन जाहिद,सादिक अंसारी, रईस आजमी,गनी मुबारकपुरी, शरजील अंसारी, हसीब जैराजपुरी और शादाब आजमी ने अपनी चुनिंदा कविताएँ प्रस्तुत कीं और श्रोताओं से खूब सराहना बटोरी।बिलाल रौनक ने संचालन का दायित्व बखूबी निभाया। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में बज्मे अंसार अदब के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# मनपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यालय के बाहर कांग्रेस ने किया सांकेतिक अनशन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शहरी क्षेत्रों में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने के लिए विकास योजनाएँ तैयार करने और उन्हें लागू करने की ज़िम्मेदारी नगर विकास विभाग की है।इस विभाग में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है जिसकी जाँच की माँग के लिए प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के ठाणे कांग्रेस की ओर से आज मुख्यालय के सामने एक दिवसीय सांकेतिक अनशन किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष एड विक्रांत चव्हाण ने मनपा में अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।कांग्रेस ने ठाणे मनपा में व्याप्त भ्रष्टाचार और शहरी विकास विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से डेवलपर्स द्वारा ठाणे को लूटने का पर्दाफाश किया है।इस समय उन्होंने नगर विकास विभाग की सहायक निदेशक नगर रचना संग्राम कनाडे से मुलाकात की और मनपा बिल्डरों के प्रति दयालुता दिखाते हुए ठाणे के लोगों, येऊर वन क्षेत्र में दिए गए निर्माण परमिट, आरक्षण में बदलाव, टीडीआर घोटाला, शैक्षणिक भूखंड आवंटन घोटाला, वर्षों से एक ही विभाग में कार्यरत अधिकारी, नगर विकास विभाग द्वारा बदले गए आरक्षण, कानून का दुरुपयोग, किराये के आवास, पीपीपी सिद्धांत पर दिए गए अवैध परमिट, अदालत में लंबित मामले, डेवलपर्स को पक्षपातपूर्ण माप देते हुए अधिकारियों द्वारा एक ही परियोजना में किए गए निवेश, गलत डीपी टिप्पणी, यूडीसीपीआर का उल्लंघन के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की।ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने इन सभी चीजों के खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। ठाणे कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राहुल पिंगले, भालचंद्र महाडिक, राजेश जाधव, जेबी यादव, निशिकांत कोली, गणेश वैती, सनी थॉमस, हिंदूराव गाल्वे, स्मिता वैती, संगीता कोटाल, शिल्पा सोनोने, शीतल अहेर, मीना कांबले, उमेश कांबले, उत्तम सिंह बिष्ट, दयानंद एगडे, प्रसाद पाटिल, शिरीष घरत, विनीत तिवारी, अजीत ओझा, यज्ञेश वाडेकर, आशीष गिरी, अजिंक्य भोईर, बाबू यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस एक दिवसीय उपवास में पप्पू सिंह, धर्मवीर महरोल, वसीम सैयद, नीलेश पाटिल, नीलेश अहिरे, नुर्शीद शेख, श्रीकांत गाडिलकर, आनंद सांगले, सुरेश भोईर, जयेश परमार, यासीन मोमिन, अंजनी सिंह, याकिन्दर तमाता, अमन बरतवाल उपस्थित थे।

# दुर्गा, दिवाली एवं छठ त्यौहारों के दौरान पश्चिम मध्य रेल से पूजा स्पेशल ट्रेनों की 80 सेवाएं चलेंगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर ।रेल प्रशासन द्वारा दुर्गा, दिवाली एवं छठ त्यौहारों के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति, जबलपुर-दानापुर-जबलपुर, सोगरिया-दानापुर-सोगरिया, रीवा-रानी कमलापति-रीवा एवं रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा के मध्य पूजा स्पेशल ट्रेनों की 80 सेवाएं चलाने का निर्णय लिया है।इन स्पेशल ट्रेनों में वातानुकूलित श्रेणी, शयनयान श्रेणी एवं सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। इन पूजा स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है :-

रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति पूजा स्पेशल ट्रेन (11-11 फेरे)

01667 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.09.2025 से 01.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक शनिवार एवं मंगलवार को दोपहर 14:25 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। (11 सेवाएं)

01668 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 28.09.2025 से 02.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक रविवार एवं बुधवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:55 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। (11 सेवाएं)

ठहराव :- नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरारोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा।

जबलपुर-दानापुर-जबलपुर पूजा स्पेशल ट्रेन (12-12 फेरे)

01701 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.09.2025 से 05.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर पहुँचेगी। (12 सेवाएं)

01702 पूजा स्पेशल ट्रेन दिनांक 27.09.2025 से 06.11.2025 तक द्वि-साप्ताहिक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होगी और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। (12 सेवाएं)

ठहराव :- सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा।

सोगरिया-दानापुर-सोगरिया पूजा स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)

09817 सोगरिया से दानापुर पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 01 नवम्बर 2025 तक सोगरिया स्टेशन से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रविवार को 23:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

09818 दानापुर से सोगरिया पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29 सितम्बर से 03 नवम्बर 2025 तक दानापुर स्टेशन से मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को मध्यरात्रि 01:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

ठहराव :- बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर एवं आरा।

रीवा-रानी कमलापति-रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन (06-06 फेरे)

02192 रीवा से रानी कमलापति पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 01 नवम्बर 2025 तक रीवा स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर उसी दिन रात 21:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

02191 रानी कमलापति से रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 01 नवम्बर 2025 तक रानी कमलापति स्टेशन से रात 22:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 07:20 बजे रीवा पहुंचेगी। (06 सेवाएं)

ठहराव :- सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा।

रीवा-डॉ.अम्बेडकर नगर-रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन (05-05 फेरे)

01704 रीवा से डॉ.अम्बेडकर नगर पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27 सितम्बर से 25 अक्टूबर 2025 तक रीवा स्टेशन से रात 22:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 15:05 बजे डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी। (05 सेवाएं)

01703 डॉ.अम्बेडकर नगर से रीवा पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को दिनांक 28 सितम्बर से 26 अक्टूबर 2025 तक डॉ.अम्बेडकर नगर स्टेशन से रात 21:20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13:30 बजे रीवा पहुंचेगी। (05 सेवाएं)

ठहराव :- सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, सुजालपुर, मक्सी, देवास एवं इंदौर।

रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और पूजा स्पेशल ट्रेनों के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया www. enquiry .indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर,पुवायां थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सरैया गांव में 26 वर्षीय करीना देवी का शव कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला। मृतका के पिता डालचंद्र और भाई नितिन ने पति सोहन सिंह और उसके परिवार पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। नितिन के अनुसार, करीना की शादी सोहन सिंह से करीब सात साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते थे। रविवार को करीना ने मायके में फोन कर 2000 रुपए मांगे थे। पति सोहन सिंह का कहना है कि करीना मायके जाने की जिद कर रही थी। उनके अनुसार, मायके न ले जाने पर उसने गुस्से में आकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मध्य रेल द्वारा अब तक घोषित गणपति स्पेशल ट्रेन सेवाओं की कुल संख्या 310 है-

मुंबई-सावंतवाड़ी रोड के बीच 4 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें शामिल

भारतीय रेलवे ने 2025 तक अब तक 380 गणपति स्पेशल ट्रेनों के फेरों की घोषणा की है।

मध्य रेल महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में त्योहारों के दौरान यात्रा की भारी माँग को पूरा करते हुए सबसे अधिक 310 सेवाओं का संचालन कर रहा है।

स्पेशल ट्रेनों में नवीनतम वृद्धि है

मुंबई-सावंतवाड़ी रोड के बीच 4 स्पेशल सेवाएँ

विवरण इस प्रकार हैं:

एलटीटी-सावंतवाड़ी रोड-एलटीटी स्पेशल (4 सेवा)

01109 स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दिनांक 26.08.2025 (मंगलवार) और 27.08.2025 (बुधवार) को दोपहर 01.00 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 15.55 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुँचेगी। (2 सेवा)

01110 स्पेशल ट्रेन दिनांक 26.08.2025 (मंगलवार) और 27.08.2025 (बुधवार) को सावंतवाड़ी रोड से 17.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 05.10 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी। (2 सेवा)

ठहराव: ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कंकवली, सिंधुदुर्ग और कुडाल।

संरचना: एक प्रथम श्रेणी वातानुकूलित, एक वातानुकूलित-द्वितीय श्रेणी, 5 वातानुकूलित-तृतीय श्रेणी, 8 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 द्वितीय श्रेणी सह गार्ड ब्रेकयान, 1 जनरेटर यान और 1 पेंट्री कार।

आरक्षण: स्पेशल ट्रेन संख्या 01109 और 01110 की बुकिंग सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर उपलब्ध है।

इस विशेष ट्रेन के ठहरावों और समय की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ या ठळएर ऐप डाउनलोड करें।

# मार्बल पाउडर से बन रही थी खाद

## नकली खाद फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो नामजद समेत तीन के खिलाफ एफआईआर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, किसानों को नकली खाद बेचने का मामला सामने आया है। जिला कृषि अधिकारी ने शनिवार को रोजा क्षेत्र के मोहम्मदी रोड स्थित अंकुर वेयर हाउस में छापेमारी की। गोदाम से मार्बल पाउडर से भरा एक ट्रक बरामद किया गया। इसमें 362 बोरियां मिलीं। इसके अलावा हजारों खाली और सैकड़ों भरी बोरियां भी मिलीं। अधिकारियों ने छह नमूने जांच के लिए भेजे हैं। जांच में पता चला कि यहां सेफरन काप केयर प्राइवेट लिमिटेड और हिराटो काप साइंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अवैध रूप से खाद का निर्माण हो रहा था। गोदाम के मालिक महेश चंद्र मिश्र हैं। उन्होंने इसे बंडा निवासी रणजीत सिंह को किराए पर दिया था। जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर की शिकायत पर पुलिस ने गोदाम मालिक और किरायेदार समेत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सूत्रों के अनुसार, इस धंधे में कुछ प्रभावशाली लोग भी शामिल हो सकते हैं। बरामद सामान पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# मुर्गा काटकर खून नाली में बहाने पर छापेमारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , जलालाबाद क्षेत्र में स्थित परशुरामपुरी के रामताल रोड पर एक चिकन शॉप को खाद्य सुरक्षा विभाग ने बंद करवा दिया है। नीलम टॉकीज के पास स्थित आरिफ चिकन शॉप में जिंदा मुर्गों को काटकर उनका खून नाली में बहाया जा रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में पाया गया कि दुकान में 50 से अधिक जिंदा मुर्गे रखे गए थे। दुकानदार लोगों के सामने ही मुर्गों को काटकर मीट बेच रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकान को तत्काल बंद करवा दिया। दुकानदार को निर्देश दिए गए कि वह मानकों के अनुसार ही व्यवसाय चला सकता है। इसके लिए उसे मुर्गों को अन्यत्र काटकर लाना होगा और मीट को दुकान के फ्रिज में रखना होगा। साथ ही दुकान के सामने काले शीशे का केबिन बनवाना अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि दुकान के पीछे हिंदुओं की बस्ती है

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# भारत बोला-पाकिस्तान को इंसानियत के नाते बाढ़ का अलर्ट दिया

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद बातचीत बंद थी; जम्मू में रिकॉर्ड बारिश से वहां बाढ़ का खतरा

एजेंसी

नई दिल्ली, भारत ने जम्मू-कश्मीर की तवी नदी में बाढ़ के हालात को देखते हुए मानवीय आधार पर पाकिस्तान को इसकी जानकारी दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम पूरी तरह से मानवीय सहायता के मकसद से उठाया गया है। इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन ने रविवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को बाढ़ की जानकारी दी है। यह पहला मौका है जब इस तरह की जानकारी हाई कमीशन के जरिए साझा की गई। आमतौर पर, सिंधु जल संधि के तहत बाढ़ से जुड़ी चेतावनी दोनों देशों के वाटर कमिश्नर के बीच शेयर की जाती थी।इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से दोनों देशों में बातचीत लगभग बंद है। पाकिस्तानी मीडिया का दावा था भारत ने संधि के तहत जानकारी दी आज पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने सिंधु जल संधि के तहत



पाकिस्तान को संभावित बाढ़ की जानकारी दी है। जियो न्यूज और द न्यूज इंटरनेशनल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारत ने 24 अगस्त की सुबह जम्मू की तवी नदी में बाढ़ की आशंका को लेकर इस्लामाबाद को आगाह किया।22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 में पाकिस्तान के साथ हुई सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया था। इसके तहत सिंधु वाटर सिस्टम की 3 पूर्वी नदियों का पानी भारत इस्तेमाल कर सकता है और बाकी 3 पश्चिमी नदियों के पानी पर पाकिस्तान को अधिकार दिया गया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है।इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाक के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला।1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई। दोबारा हुए समझौते में भारत पानी देने को राजी हो गया।इसके बाद 1951 से लेकर 1960 तक वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत पाकिस्तान में पानी के बंटवारे को लेकर बातचीत चली और आखिरकार 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के पीएम नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए।

इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।

# भारतीय राजदूत बोले- रूस से तेल खरीदता रहेगा भारत

## जहां सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से लेंगे; ट्रम्प के टैरिफ को बेबुनियाद बताया

एजेंसी

मॉस्को, रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा। रविवार को रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां उन्हें सबसे अच्छा सौदा मिलेगा। उन्होंने भारत पर अमेरिका के 50% टैरिफ को बेबुनियाद बताया। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25% टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50% टैरिफ देना होगा। भारत में रूसी डिप्लोमेट रोमन



बाबुश्किन ने 20 अगस्त को बताया था कि भारत को रूस के कच्चे तेल पर करीब 5% की छूट मिल रही है।। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2% (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45% (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। इससे पहले ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया था। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा था कि भारत सस्ते दाम पर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है, इंडियन कंपनियां उसे रिफाइन कर महंगे दाम पर दुनिया में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे रूस को यूक्रेन जंग के लिए पैसा मिल रहा है, जबकि भारत मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत हमें सामान बेचकर उससे मिलने वाले पैसों से रूसी तेल खरीदता हैं, जिससे तेल कंपनियां खूब पैसा कमाती हैं। इसलिए भारत पर टैरिफ लगाना जरूरी है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि रूस-यूक्रेन जंग की शांति का रास्ता भारत से होकर ही जाता है। भारत कई यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने वाले अमेरिकी आरोपों को खारिज कर चुका है। पिछले हफ्ते ही विदेश मंत्री जयशंकर ने रूस का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि भारत रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार नहीं है, बल्कि चीन है।

# बांग्लादेश बोला- पाकिस्तान 1971 के जनसंहार के लिए माफी मांगे

## पाकिस्तानी मंत्री बोले- दो बार मांग चुके; दोस्ती के लिए इस्लाम का वास्ता दिया

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश ने पाकिस्तान से 1971 में हुए जनसंहार के लिए माफी मांगने को कहा है। दरअसल, पाक उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने कहा था कि बांग्लादेश के साथ 1971 का विवाद हल हो चुका है।हालांकि, बांग्लादेश ने पाकिस्तान के दावे को खारिज कर दिया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने साफ कहा कि पुराने मुद्दों को सुलझाकर ही दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। दरअसल, 1971 की जंग में पाकिस्तानी सेना पर हजारों बांग्लादेशी महिलाओं के साथ रेप, हत्या और आगजनी का आरोप लगा था। इसे लेकर इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान 2 बार बांग्लादेश से माफी मांग चुका है। डार ने बांग्लादेश से संबंध बेहतर करने के लिए इस्लाम की दुहाई भी दी। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा- इस्लाम भी हमें अपने दिलों को पाक (शुद्ध) करने के लिए कहता है।इशाक डार 23 और 24 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर थे। उन्होंने ढाका में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस और विदेश सलाहकार से मुलाकात की। इसके बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पाकिस्तानी मंत्री ने कहा कि ये मुद्दे साल



1974 में और फिर 2000 में परवेज मुशर्रफ के दौरे के दौरान हल हो चुके थे। डार ने कहा कि उस समय (1974) के ऐतिहासिक दस्तावेज हैं जो दोनों देशों के पास उपलब्ध हैं। डार ने कहा कि अब दोनों देशों को नए सिरे से शुरूआत करनी चाहिए और एक परिवार की तरह साथ मिलकर काम करना चाहिए। हालांकि बांग्लादेशी विदेश सलाहकार ने इससे साफ इनकार किया। उन्होंने साफ कहा कि वे पाकिस्तानी मंत्री के दावे को सही नहीं मानते।


उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ होता तो दोनों देशों के बीच विवाद का निपटारा हो चुका होता। बांग्लादेश ने बयान जारी कर पाकिस्तान से अपनी पुरानी मांगे दोहराईं। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान को साल 1971 के नरसंहार की माफी, बंटवारे के समय की संपत्ति का उचित बंटवारा, 1970 के चक्रवात पीड़ितों के लिए दी गई विदेशी सहायता का हस्तांतरण और बांग्लादेश में फंसे पाकिस्तानी नागरिकों की वापसी जैसे पुराने और ऐतिहासिक मुद्दों का हल किया जाना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक 1974 में जुल्फिकार अली भुट्टो ढाका गए थे और वहां उन्होंने बांग्लादेश के लोगों से खेद जताया था, लेकिन पाकिस्तान ने कभी पूरी तरह औपचारिक माफी नहीं मांगी। 2002 में मुशर्रफ ने भी दौरे के दौरान अफसोस जताया था लेकिन उन्होंने भी कभी औपचारिक माफी नहीं मांगी। वहीं बंटवारे के बाद की संपत्ति को लेकर पाकिस्तान का रुख हमेशा टालमटोल वाला रहा। यही वजह है कि बांग्लादेश आज भी इन मुद्दों को अनसुलझा मानता है। रविवार को भी स्थिति वही रही। पाकिस्तान ने कहा कि पुराने मामले निपट चुके हैं, जबकि बांग्लादेश का कहना है कि जब तक जनसंहार की जिम्मेदारी और बकाया संपत्ति का मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक इन विवादों को खत्म नहीं माना जा सकता।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट टला

## ग्राउंड सिस्टम में खराबी पता चली, अब कल सुबह 5 बजे लॉन्चिंग होगी

एजेंसी

टेक्सास, दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 10वां टेस्ट ग्राउंड सिस्टम में आई खराबी के कारण टाल दिया गया है। ग्राउंड सिस्टम में खराबी का मतलब है कि रॉकेट लॉन्च करने के लिए जमीन पर मौजूद उपकरणों, मशीनों या सिस्टम में कोई तकनीकी समस्या आ गई है। इसे आज यानी, 25 अगस्त को बोका चिका से सुबह 5 बजे लॉन्च किया जाना था। अब भारतीय समय



के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे इसे लॉन्च किया जाएगा। इससे पहले ये टेस्ट 29 जून को होना था, लेकिन स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान स्टारशिप में ब्लास्ट हो गया था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है,

ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट के दौरान रॉकेट के ऊपरी हिस्से में अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया था। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस रॉकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। 28 मई 2025 को हुए 9वें टेस्ट में लॉन्चिंग के करीब 30 मिनट बाद स्टारशिप ने कंट्रोल खो दिया था, जिस कारण पृथ्वी के वातावरण में एंटर करने पर ये नष्ट हो गया था। ये लगातार तीसरी बार था जब स्टारशिप आसमान में ही नष्ट हुआ था।

# हर चीज का श्रेय लेने की कोशिश करती है भाजपा...

## अनुराग ठाकुर के हनुमान वाले बयान पर बोले अखिलेश यादव



**लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, सपा नेता ने कहा कि उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने इतने वर्षों तक कड़ी मेहनत की होगी और कठोर प्रशिक्षण लिया होगा, जिसके बाद उन्हें यह सफलता मिली है।**

एजेंसी

लखनऊ ,समाजवादी पार्टी प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उस टिप्पणी की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि भगवान हनुमान अंतरिक्ष में सबसे पहले गए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हमेशा हर चीज का श्रेय लेने की कोशिश करती है।समाजवादी पार्टी नेता ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भी बधाई दी, जो हाल ही में एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले पहले भारतीय बने।लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, सपा नेता ने कहा कि उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने इतने वर्षों तक कड़ी मेहनत की होगी और कठोर प्रशिक्षण लिया होगा, जिसके बाद उन्हें यह सफलता मिली है। यह देश के लिए, उनके लिए व्यक्तिगत रूप से और उनके परिवार के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अंतरिक्ष की उनकी यात्रा ने देश को गौरवान्वित किया है। देश के संसाधनों का उपयोग किया गया। सपा प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे मिशन किसी राजनीतिक दल की बजाय वैज्ञानिकों के समर्पण और अंतरिक्ष यात्री की प्रतिबद्धता का परिणाम होते हैं। अनुराग ठाकुर का सीधे नाम लिए बिना, यादव ने सत्तारूढ़ दल पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, ₹भाजपा हर चीज का श्रेय लेने की कोशिश करती है। अब वे कह रहे हैं कि हमारे भगवान हनुमान अंतरिक्ष में सबसे पहले गए थे। हम हमेशा कहते हैं कि हमारे सभी देवता अंतरिक्ष में रहते हैं।₹ यह विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्कूली बच्चों से बात करते हुए पूछ रहे थे, ₹अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले व्यक्ति कौन थे ?₹ जब छात्रों ने जवाब दिया, ₹नील आर्मस्ट्रांग,₹ तो ठाकुर ने कहा, ₹मुझे लगता है कि हनुमान जी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले व्यक्ति थे। हिमाचल प्रदेश के ऊना स्थित श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों से बातचीत करते हुए

# भारतीय सेनाओं ने कायराना हमलों का दिया मुंहतोड़ जवाब

## ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर बोले राजनाथ सिंह

**राजस्थान के जोधपुर में बोलते हुए, वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई का जिक्र कर रहे थे, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।**

एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादियों ने लोगों के नाम और धर्म पूछकर उनकी हत्या कर दी थी, लेकिन हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों को धर्म के आधार पर नहीं बल्कि उनके कर्मों के आधार पर मारा। राजस्थान के जोधपुर में बोलते हुए, वह जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई का जिक्र कर रहे थे, जिसमें 26 लोग मारे गए थे।



राजनाथ ने यह भी कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' (सारी दुनिया एक परिवार है) की अवधारणा में विश्वास करता है और जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और तय किए गए ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी समूहों से जुड़े कई ठिकानों पर हमले किए गए। वह एक रक्षा और खेल अकादमी का उद्घाटन करने और सैनिकों के परिवारों को सम्मानित करने के लिए जोधपुर में थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं जब भी, हमारे किशोरों और युवाओं से मिलता हूँ, और उनकी आँखों में चमक और संकल्प देखता हूँ, उससे मुझे खुद भी नई ऊर्जा मिलती है। यही ऊर्जा, हमारे आने वाले भारत की पहचान है। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं की ऊर्जा और उनका संकल्प, हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखा। जिस प्रकार हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान,हमारी सेनाओं को सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से भी पूरा समर्थन मिला। यह हमें सिखाता है कि देश की सुरक्षा सिर्फ सरकार या सेना की जिम्मेदारी नहीं है, हर नागरिक और हर युवा, अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक और समर्पित रहेंगे,तभी हम हर मुश्किल का सामना कर पाएँगे। राजनाथ ने कहा कि विद्या भारती संस्थान, भारत की शैक्षणिक परम्परा का एक जीता-जागता उदाहरण है।

# कमाई के लिए मजाक बर्दाश्त नहीं

## दिव्यांगों पर जोक को लेकर समय रैना पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, कहा- माफी मांगो

**शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी एसएमए क्योर फाउंडेशन द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आई, जिसमें हास्य कलाकार समय रैना, विपुन गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर पर दिव्यांग लोगों के लिए असंवेदनशील चुटकुले बनाने का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हास्य कलाकारों से कहा कि आपने अदालत के समक्ष जो माफी मांगी है**



एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को समय रैना समेत कई हास्य कलाकारों को उनके स्टैंड-अप शो में दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने वाले असंवेदनशील चुटकुलों के लिए फटकार लगाई और उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी माफी मांगने को कहा। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी एसएमए क्योर फाउंडेशन द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आई, जिसमें हास्य कलाकार समय रैना, विपुन गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर पर दिव्यांग लोगों के लिए असंवेदनशील चुटकुले बनाने का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हास्य कलाकारों से कहा कि आपने अदालत के समक्ष जो माफी मांगी है, वही माफी अपने सोशल मीडिया के समक्ष भी दीजिए। यह याचिका रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी के मामलों के साथ सूचीबद्ध की गई थी, जिन्होंने समय रैना के 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के संबंध में अलग-अलग जगहों पर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि प्रभावशाली लोग भाषण का व्यवसायीकरण कर रहे हैं

# धनखड़ के अप्रत्याशित इस्तीफे पर बढ़ा सियासी पारा

## अमित शाह के बयान पर जयराम रमेश का बड़ा दावा

**एक पोस्ट में, रमेश ने कहा कि आज गृह मंत्री ने और भी कुछ कहने की कोशिश की है। लेकिन उन्होंने केवल रहस्य को और बढ़ा दिया है। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि किसानों के हितों की वकालत करने वाले अदम्य और उत्साही धनखड़ एक महीने से भी अधिक समय से पूरी तरह से संपर्क से बाहर क्यों हैं।**

एजेंसी

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सोमवार को दिए गए बयान के बाद कि विपक्ष को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर हंगामा नहीं करना चाहिए, इस कहानी में और भी कुछ हो सकता है। कांग्रेस नेता ने धनखड़ की मानदंडों, शिष्टाचार और प्रोटोकॉल का पालन करने और किसानों के कल्याण तथा न्यायिक जवाबदेही के लिए निडर होकर बोलने के लिए प्रशंसा की। पर एक पोस्ट में, रमेश ने कहा कि आज गृह मंत्री ने और भी कुछ कहने की कोशिश की है। लेकिन उन्होंने केवल



रहस्य को और बढ़ा दिया है। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि किसानों के हितों की वकालत करने वाले अदम्य और उत्साही धनखड़ एक महीने से भी अधिक समय से पूरी तरह से संपर्क से बाहर क्यों हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दिया और विपक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि वह घर में नजरबंद हैं। शाह ने कहा कि धनखड़ साहब का त्यागपत्र अपने आप में स्पष्ट है। उन्होंने अपने इस्तीफे के लिए स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया है। उन्होंने अपने अच्छे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री, अन्य मंत्रियों और सरकार के सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार भी व्यक्त किया है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया था, लेकिन कांग्रेस नेता के अनुसार, पूर्व उपराष्ट्रपति के ₹अप्रत्याशित इस्तीफे₹ के पीछे और भी बहुत कुछ है। रमेश ने कहा कि जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई, 2025 की रात को अचानक और अप्रत्याशित रूप से भारत के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। यह अभूतपूर्व था। एक दिन बाद, प्रधानमंत्री ने केवल उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए, कांग्रेस नेता ने लिखा, ₹इस्तीफे का यह पूरा प्रकरण वास्तव में विचित्र है

## संक्षेप

### व्यक्ति ने 15 फुट रास्ता तोड़ा

**सरकारी रास्ते की ईंटें उखाड़ने का मामला, 9 शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं**

सुलतानपुर, जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र में सरकारी खड़ंजे को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत गोसैसिंहपुर में महादेव यादव ने सार्वजनिक रास्ते की ईंटें उखाड़ दी हैं। ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर इस मामले की शिकायत की। गोसैसिंहपुर में 2003-04 में ग्राम पंचायत निधि से खड़ंजा मार्ग का निर्माण किया गया था। यह मार्ग सीसी रोड से शुरू होकर तालाब के किनारे इंटरलॉकिंग रोड तक जाता है। महादेव यादव ने 2022 में अपने घर के सामने का 15 फुट लंबा हिस्सा तोड़ दिया। विरोध करने पर वह गाली-गलौज करता है। साथ ही मारपीट की धमकी भी देता है। पीड़ित पक्ष ने अब तक विभिन्न स्तरों पर कई शिकायतें की हैं। समाधान दिवस में 10 बार प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रदेश, जिला, तहसील और थाना स्तर पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। 112 नंबर पर भी सूचना दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तीन मांगें रखी हैं। उन्होंने प्रदेश स्तर की टीम से जांच कराने की मांग की है।

### लंभुआ में भू मापन प्रशिक्षण परियोजना की शुरूआत

**प्रशिक्षार्थियों को बुनियादी जानकारी दी; 7 दिन में सिखाएंगे जमीन मापने के नियम**

सुल्तानपुर, लम्भुआ स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज में सोमवार से भू मापन प्रशिक्षण परियोजना की शुरूआत हुई। यह प्रशिक्षण 7 दिन तक चलेगा। पहले दिन प्रशिक्षार्थियों को भूमि मापन की बुनियादी जानकारी दी गई। इसमें फुट, मीटर, गज, हाथ, कड़ी, लट्ठा, जरीब और इंच जैसी माप इकाइयों की समझ दी गई। इसके साथ ही खाता संख्या, गाटा संख्या, थाना नंबर और तौजी नंबर के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षार्थियों को भूमि से जुड़े अधिकार और विशेषाधिकार की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षक प्रवीण कुमार दूबे ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी को सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

### कुड़वार में राशन दुकान चयन में लापरवाही

**तीन बार बैठक रद्द; ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति से जनता परेशान**

सुलतानपुर, कुड़वार विकास खंड के ग्राम पंचायत पारसीपुर में सरकारी राशन की दुकान के लिए स्वयं सहायता समूह के चयन का मामला विवादों में है। इस संबंध में तीन बार बैठक बुलाई गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति के कारण यह बैठक रद्द करनी पड़ी। इसके बाद 5 अगस्त को दूसरी बैठक हुई। इस बैठक में ग्राम प्रधान योगेंद्र तिवारी मौजूद थे। नोडल अधिकारियों ने एक स्वयं सहायता समूह का चयन किया। लेकिन विवाद तब खड़ा हुआ जब पता चला कि चयनित महिला का नाम ठफछट पोर्टल पर दर्ज ही नहीं था।

# अफसर ने रेलकर्मी से की गाली-गलौज, हंगामा

**रेलवे कर्मचारियों ने पैदल मार्च निकाला, विरोध प्रदर्शन कर कामकाज रोका**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक रेलवे अफसर के खिलाफ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि सहायक अभियंता ने अपने साथ काम करने वाले एक कर्मचारी से बदसलूकी कर गालियां दीं। ऑफिस से भगा दिया। इस मामले को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। रेलवे यूनियन से जुड़े पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने रेलवे कर्मचारियों के साथ मिलकर पैदल मार्च निकाला। अफसर के आफिस पहुंच हंगामा किया। रेलवे कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों ने हेड क्वार्टर के साथ ही प्रयागराज मंडल की शाखायों में जाकर विरोध किया। ओल्ड महाप्रबंधक कार्यालय में एईएन/टीएमसी-2 के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। करीब एक घंटे तक हंगामा हुआ। एईएन/टीएमसी-2 अपने चैंबर में उपस्थित नहीं थे। आक्रोशित कर्मचारियों ने मांग रखी है कि जब तक अधिकारी मांफी नहीं मांगेंगे विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। मंडल एसके सिंह, डीएस यादव, मो. सईद, एसपी यादव, आशीष कुमार, नगेंद्र बहादुर, बृजेन्द्र कुमार, राजू प्रसाद, ओपीएस कुशवाहा, अरविंद पांडे, जितेंद्र दिवेदी, बीके अवस्थी, मनोज कुमार, दीपक यादव, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे। रेलवे ट्रैक मशीन में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत संजय चौधरी जिनका कार्यालय ओल्ड महाप्रबंधक कार्यालय बाल्मीकी चौराहे पर स्थित है। आरोप है कि वे7 अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से गली गलौज करते हैं।

कर्मचारी को आपने चैंबर में बुलाकर कहा कि आपकी ड्यूटी मेरे साथ थी आप मेरे से ऊपर के अधिकारी के साथ किससे कहने पर कार्य करने लगे। कर्मचारी ने बताया की मैंने अपने से ड्यूटी नहीं लगाई है। आरोप है कि इस पर संजय चौधरी ने मां बहन की गाली देने लगे।

# आइसा कल करेगा धरना प्रदर्शन

**प्रयागराज के धरना स्थल पर जुटेंगे कार्यकर्ता, दिल्ली में कार्यकताओं पर लाठीचार्ज से आक्रोश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, दिल्ली के रामलीला मैदान में चल रहे एसएससी आंदोलन का आइसा यानी ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन समर्थन करता है। इस आंदोलन में छात्रों के साथ दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई क्रूरता का विरोध किया जाएगा। कार्यकताओं ने दिल्ली पुलिस द्वारा शांतिपूर्वक रामलीला मैदान में प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के ऊपर बर्बर लाठी चार्ज तथा हिरासत में लिए जाना अभिव्यक्ति की आजादी तथा युवाओं के मौलिक अधिकार का हनन है। इसके विरोध में कल मंगलवार को कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करेंगे। आइसा के पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया, एसएससी भर्ती परीक्षा में उत्तरदायित्व तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अभ्यर्थियों का आंदोलन शांतिपूर्वक तरीके से एक लोकतांत्रिक मांग को लेकर चल रहा है। ऐसे में अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर रहे युवाओं के ऊपर लाठी बरसाना और हिरासत में लेना सरकार की युवा विरोधी तथा रोजगार विरोधी चरित्र को उजागर करता है। इस घटना के खिलाफ प्रदेश भर के युवा आक्रोशित हैं। इसी आक्रोश को व्यक्त करते हुए आइसा द्वारा कल 26 अगस्त को शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन दर्ज किया जाएगा। यहां धरना स्थल पर कल दिल्ली पुलिस द्वारा की गई किस दमनात्मक कार्यवाही का विरोध किया जाएगा।

## 20 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर

- एक के पास 110 और दूसरे के पास 90 ग्राम स्मैक मिली, दोनों पर कई जिलों में मुकदमे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान के तहत दो शातिर स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से कुल 200 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है। मोहनगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने इन दोनों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में विनोद गुप्ता (35) और इरफान (28) शामिल हैं। विनोद गुप्ता नसरतपुर का रहने वाला है। इरफान पुरे काशी का पुरवा भदसाना का निवासी है। तलाशी में विनोद गुप्ता के पास से 110 ग्राम और इरफान के पास से 90 ग्राम स्मैक मिली। दोनों आरोपी शातिर अपराधी हैं। विनोद गुप्ता पर अमेठी के शिवरतनगंज, मोहनगंज, रायबरेली के महाराजगंज और देवरिया के बरियारपुर में मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा उस पर गैंगस्टर एक्ट का भी मामला है। इरफान पर मोहनगंज और देवरिया में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

## एसपी ऑफिस में सिपाही की पत्नी फंदा लगाने लगी

**सुल्तानपुर में अफेयर से परेशान थी, बेटी को जमीन पर लिटाकर, दुपट्टा लेकर बाइक पर चढ़ी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, अफेयर से परेशान सिपाही की पत्नी ने एसपी ऑफिस के अंदर सुसाइड की कोशिश की। महिला 6 महीने की बेटी के साथ एसपी ऑफिस के सामने पहुंची। सड़क पर बेटी को गोद में लेकर धरने पर बैठ गई। रोती-बिलखती न्याय की गुहार लगाने लगी। उसे देखकर लोगों की भीड़ लग गई, तो महिला पुलिसकर्मी उसे पकड़कर एसपी ऑफिस के कैंपस में ले गईं। अंदर आने पर उसने अपनी 6 महीने की बेटी को जमीन पर लिटाया। पेड़ पर दुपट्टा डालकर फंदा लगाने की कोशिश करने लगी। जमीन से फंदा नहीं लगा पाया, तो बाइक पर चढ़कर फंदा डालने लगी। ये देखकर महिला पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। किसी तरह समझाकर शांत कराया। करीब 25 मिनट तक ड्रामा चलता रहा। इस दौरान मासूम बच्ची जमीन पर पड़ी रही और लोग वीडियो बनाते रहे। महिला सिपाही पति के अफेयर से परेशान थी। इसका वीडियो भी सामने आया है। महिला ने कहा- सुनवाई नहीं हुई, तो ये कदम उठाया बल्दीराय थाने के वल्लीपुर चौकी पर सिपाही अभिषेक यादव की तैनाती है। महिला वर्षा यादव ने बताया कि 2 साल पहले मेरी अभिषेक से शादी हुई थी। 6 महीने पहले मेरी एक बेटी हुई। मेरे पति का एक दूसरी लड़की से अफेयर है। इसे लेकर बहुत झगड़ा हुआ, जिसके बाद मैं अपने मायके में जाकर रहने लगी। मैंने न्याय के लिए थाने से लेकर पुलिस ऑफिस में अधिकारियों तक के काफी चक्कर काटे। जब कहीं पर हमारी सुनवाई नहीं हुई, तब ये कदम उठाया। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, मैं यहां से नहीं जाऊंगी। महिला पुलिसकर्मी काफी देर तक महिला को समझाती रहीं। इसके बाद उसे लेकर ऑफिस के अंदर गईं।

## वादी की गैरहाजिरी में सुनवाई टली

- आप सांसद संजय सिंह का आचार संहिता मामला, कोर्ट ने 8 सितंबर की अगली तारीख तय की

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, एमपी-एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के खिलाफ चल रहे आचार संहिता उल्लंघन मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हो सकी। वादी की अनुपस्थिति के कारण कोर्ट ने नोटिस जारी कर अगली सुनवाई 8 सितंबर को तय की है। बंधुआकलां थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में पंचायत चुनाव के दौरान बिना अनुमति सभा आयोजित करने का आरोप है। पुलिस ने संजय सिंह समेत 13 नामजद और 45 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। वे अपनी पार्टी की जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार सलमा बेगम के समर्थन में बिना अनुमति सभा कर रहे थे। अन्य आरोपियों ने जमानत ले ली थी। संजय सिंह की गैरहाजिरी पर कोर्ट ने जमानती वारंट जारी किया था। जुलाई 2024 में उन्होंने सरेंडर किया और 20-20 हजार रुपये की दो जमानत तथा निजी मुचलके पर रिहा हुए। पुलिस ने जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी, जगदीश यादव समेत कई लोगों को आरोपी बनाते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है। विशेष कोर्ट ने संजय सिंह की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर चार्ज तय कर दिए हैं।

## खाद के लिए किसानों की लगी लंबी लाइन

**600 बोरी खाद पहुंची, सुरक्षा व्यवस्था के बिना महिला केंद्र प्रभारी कर रही वितरण**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, धान की फसल के लिए खाद की मांग बढ़ गई है। धम्मौर रोड स्थित कृषक सेवा केंद्र पर सैकड़ों किसान खाद लेने के लिए लाइन में खड़े हैं। कई किसान पिछले दो दिनों से खाद के लिए प्रयास कर रहे हैं। करीब 6 दिन बाद केंद्र को 600 बोरी खाद की आपूर्ति मिली है। खतौनी में दर्ज रकबे के अनुसार किसानों को खाद दी जा रही है।

अधिक खाद की आवश्यकता वाले किसानों को एसडीएम या कृषि अधिकारी से अनुमति पत्र लाना होगा। केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से वितरण में परेशानी हो रही है। एकमात्र महिला केंद्र प्रभारी सुभाषिनी श्रीवास्तव किसानों को समझा-बुझाकर खाद का वितरण कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिए पुलिस को फोन किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। किसानों और कर्मचारियों के बीच नोक-झोंक की स्थिति भी बन रही है। केंद्र प्रभारी ने कहा कि बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम करना मुश्किल हो रहा है। फिलहाल किसी तरह व्यवस्था संभालकर खाद का वितरण किया जा रहा है।

## कुत्ते के भौंकने पर पड़ोसी ने की मारपीट

**अलीगढ़ के सासनीगेट थाने का मामला, पुलिस ने एक हफ्ते बाद दर्ज किया मुकदमा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, सासनीगेट थाना क्षेत्र में कुत्ते के भौंकने पर पड़ोसी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर उनका पड़ोसी भड़क गया और युवक के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ सासनीगेट थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच भी कर रही है, जिससे घटना का पता लगाया जा सके। सासनीगेट के पंचनगरी निवासी सोनी पत्नी गिरीश चौहान की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके घर पर कुत्ता पला हुआ है। घटना 17 अगस्त की है, वह अपने घर पर ही थे। रात को 10 बजे उनका कुत्ता घर में भौंक रहा था। कुत्ते की भौंकने की आवाज सुनकर उनके पड़ोस में रहने वाला कालू अपने दो-तीन अज्ञात साथियों के साथ वहां आ गया और उनके बेटे पंकज के साथ गाली गलौज करने लगा। जब उनके बेटे ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और पीट-पीटकर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। पीड़ितों ने बताया कि 17 अगस्त को उन्होंने घटना के बाद तुरंत पुलिस को लिखित शिकायत की थी। लेकिन पुलिस मामले की जांच की बात कह रही थी और मुकदमा दर्ज नहीं हो रहा था। जिसके बाद पुलिस के उच्च अधिकारियों से इस मामले में शिकायत की गई। जिसके बाद अब थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। सासनीगेट थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यमुना का जलस्तर बढ़ा, वृंदावन में बाढ़

**श्याम कुटी में दो मंजिला मकान ढहा, 10 लोगों का परिवार बेघर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, वृंदावन में यमुना नदी के उफान से वृंदावन क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। श्याम कुटी मोहनी नगर में सोमवार को बाढ़ के पानी से कमजोर हुई दीवारें अचानक भरभराकर गिर गईं और एक मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस हादसे में मकान स्वामी और उनके परिवार के सदस्य मलबे में दबने से बाल बाल बच गए। मकान के गिरने से किसी तरह की कोई जनहानि नही हैं। लेकिन हादसे से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। पानी भरने से दीवारें हुईं कमजोर क्षेत्रवासियों के अनुसार कई दिनों से घरों के आसपास पानी भरा हुआ था। लगातार सीलन और जलभराव से मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। सोमवार को अचानक दीवार और छत भरवरा कर गिर पड़ी। मकान के मलबे में दबने बच जिसके बाद में चीख पुकार मच गई । मकान के अंदर फंसे परिजनों को बाहर निकालने में आसपास के लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मकान स्वामी ने लगाई मदद की गुहार मकान स्वामी जवाहर लाल ने उनका मकान पत्नी के नाम पर है और उन्होंने लोन लेकर मकान बनवाया था लेकिन दो मंजिला मकान अब बाढ़ के पानी की वजह से डर गया है जिससे उनके परिवार के छोटे-बड़े 10 सदस्य और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं

## मबी.पी. मंडल की जयंती मनाई

**सपा नेता बोले–पिछड़े और दलित के लिए जारी रहेगी लड़ाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय गौरीगंज में सामाजिक न्याय के पुरोधा बी.पी. मंडल की जयंती मनाई गई। कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि बी.पी. मंडल ने पिछड़े और दलित समाज को सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों पर चलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाएगी। सपा प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि मंडल ने सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी। वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई में उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। पार्टी उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## कृषि स्नातक युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का मौका

**एग्री जंक्शन केंद्र के जरिए मिलेगा खाद–बीज का लाइसेंस, 12 युवाओं ने किया आवेदन**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने की पहल के तहत कृषि स्नातक युवाओं को एग्री जंक्शन केंद्र खोलने का अवसर दिया जा रहा है। इस योजना के तहत युवाओं को खाद, बीज और कृषि रसायन का व्यवसाय करने का निःशुल्क लाइसेंस मिलेगा। योजना में भाग लेने के लिए युवाओं को आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र और जाति निवास प्रमाण पत्र जमा करना होगा। अब तक 12 युवाओं ने इस योजना के लिए आवेदन किया है। उप कृषि निदेशक कार्यालय से इन युवाओं को लाइसेंस के अलावा अनुदान राशि और दुकान के किराए में सहायता भी प्रदान की जाएगी। उप कृषि निर्देशक सत्येंद्र कुमार के अनुसार, चयनित युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद उन्हें प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस पहल से न केवल युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिलेगा, बल्कि किसानों को भी गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कृषि रसायन उपलब्ध हो सकेंगे। जिले में विभिन्न स्थानों पर एग्री जंक्शन केंद्र खोलने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विभाग लगातार युवाओं से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। यह योजना बेरोजगार युवाओं को उद्यमी बनने का अवसर प्रदान करेगी और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में सहायक होगी।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक – अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी